इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

APEX SUPER
SPECIALITY HOSPITAL
राजनांदगांव का एक मात्र क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...

07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)



# अमेरिका को रास नहीं आई भारत-रूस की दोस्ती, हिन्दुस्तान पर लगाया कुल 50 प्रतिशत टैरिफ; थोपा 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर टैरिफ बम फोड़ने की घोषणा की है. बुधवार शाम को ट्रंप की तरफ से भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया है. अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है. इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा कर दी है.

दरअसल, इससे पहले अमेरिकी की तरफ से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और पेनल्टी की घोषणा की गई थी. इसके पीछे की वजह ट्रंप ने रूस से तेल खरीदना बताया था. ट्रंप द्वारा साइन के गए आदेश के अनुसार, यह टैरिफ 21 दिनों के भीतर प्रभाव में आएगा, यानी 27 अगस्त 2025 से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर लागू होगा. हालांकि, वे वस्तुएं जो इस तारीख से पहले रवाना हो चुकी होंगी और 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगी, उन्हें इस शुल्क से छूट मिलेगी. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह टैरिफ अन्य सभी शुल्कों और टैक्स के अतिरिक होगा और कुछ खास



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

मामलों में छूट भी दी जा सकती है. ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि यदि कोई और देश भी रूस से परोक्ष या सीधे तौर पर तेल आयात करता है, तो उस पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है. साथ ही, यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका की नीतियों के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस आदेश में बदलाव भी संभव है. इस आदेश का आधार वर्ष 2022 में घोषित वह राष्ट्रीय आपातकाल है, जिसमें अमेरिका ने रूस की यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई को देखते हुए रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाया था. अब राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि भारत इस प्रतिबंध को दरकिनार करते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखे हुए है, जिससे रूस को आर्थिक लाभ मिल रहा है. इसी वजह से भारत पर यह टैरिफ लगाया गया है.

नए आदेश के अनुसार, यह अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद, यानी 27 अगस्त 2025 से लागू होगा. इसका मतलब है कि भारत से अमेरिका भेजे गए वे माल जिनका आयात 27 अगस्त से किया जाएगा, उन पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स लगेगा. हालांकि, वे सामान जो इस तिथि से पहले जहाज में लादे जा चुके हैं और जो 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगे, उन्हें इस शुल्क से छूट दी जाएगी. यह शुल्क अन्य सभी टैक्स, शुल्क और सेस के अलावा लागू होगा. हालांकि, कुछ खास वस्तुएं और परिस्थितियां ऐसी हो सकती हैं, जिन्हें पहले से ही छूट प्राप्त है या जिन्हें आने वाले आदेशों के तहत छूट मिल सकती है. इसके अलावा, कुछ कानूनी मामलों में, जैसे विदेशी व्यापार क्षेत्र से जुड़ी वस्तुएं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 31 अगस्त से चीन के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, एससीओ समिट में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।



एससीओ सदस्य देशों के साथ चर्चा में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार पर चर्चा होगी। भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक मुलाकात की संभावना है। हालांकि पीएम मोदी की जापान और चीन की यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले अक्तूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की शी जिनपिंग से कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई थी। वहीं पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की।

### जयशंकर ने एससीओ बैठक में उठाया था पहलगाम का मुद्दा

इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# खरगे बोले- बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण पर संसद में चर्चा चाहता है विपक्ष, सरकार इच्छुक नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा, एसआईआर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। विशेष गहन पुनरीक्षण एक प्रक्रिया है जिसमें चुनाव आयोग मतदाता सूची को दोबारा जांचेगा, ताकि उसमें किसी भी तरह की गलती, दोहराव या अपात्र नामों को हटाया जा सके और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ा जा सके।



विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खरगे ने यह भी कहा कि, अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसे एसआईआर पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अनुसार, केंद्र सरकार एसआईआर पर चर्चा से बच रही है, जिससे शक पैदा होता है कि वह जानबूझकर इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रही है।

# उत्तरकाशी में जलप्रलय: मलबे के बीच जिंदगी की तलाश राहत-बचाव कार्यों में जुटे 225 से अधिक जवान

उत्तरकाशी। बादल फटने के बाद धराली गांव और हर्षिल स्थित सेना के कैंप में आए मलबे में दूसरे दिन बुधवार को भी जिंदगियों को तलाशने का अभियान जारी रहा। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीमें लगातार खोज और बचाव कार्य में जुटी रहीं।



इस दौरान धराली के एक 32 वर्षीय युवक आकाश पंवार का शव मलबे से बरामद किया गया। हर्षिल में मलबे में फंसे 11 घायल जवानों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से जिला अस्पताल, आईटीबीपी अस्पताल और देहरादून भेजा गया।

वहीं, सेना के अनुसार, बादल फटने के बाद भारतीय सेना ने एक त्वरित और समन्वित मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू किया है। कई सड़कों के टूटने और एक पुल के ढह जाने के कारण यह क्षेत्र वर्तमान में उत्तर और दक्षिण दोनों से कटा हुआ है। 225 से अधिक सैन्यकर्मी, जिनमें पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमें शामिल हैं, खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए ज़मीन पर तैनात हैं। टेकला के पास रीको रडार के साथ सात टीमें काम कर रही हैं। हर्षिल में खोज एवं बचाव कुत्ते तैनात हैं। बता दें कि मंगलवार को हर्षिल घाटी में तीन जगह बादल फटने से आए सैलाब व मलबे की वजह से धराली गांव में कई बहुमंजिला होटल और रेस्टोरेंट जमींदोज हो गए थे। वहीं कई लोग मलबे में फंस गए थे। हर्षिल स्थित सेना के कैंप के 21 जवान भी लापता हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले सेना और आईटीबीपी के जवान मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। हालांकि पहले दिन खीर गंगा में बार-बार आ रहे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# प्रदेश में तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म, मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद लिया फैसला

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में बीते 9 दिनों से तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। तहसीलदार संघ के पदाधिकाारियों ने आज राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने आंदोलन को स्थगित करने का फैसला लिया हैं। तहसीलदार संघ अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई से आंदोलन कर रहे थे। तहसीलदारों के आंदोलन की वजह से तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधित सारे काम ठप्प थे। आज से ही सारे तहसीलदार आंदोलन खतम होने के बाद अपने अपने काम पर लौट गये हैं।



### इन मांगों को लेकर थे हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की प्रमुख मांग में सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थपना हो। तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति प्रक्रिया मे 50:50 अनुपाल बहान करना। लंबित ग्रेड पे में शीघ्र सुधार। तहसीलों में शासकीय वाहनों व चालकों की व्यवस्था हो। न्यायिक मामलों में न्यायिक प्रोटेक्शन। तहसीलदारों के व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनियता सुनिश्चित करना और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना। तहसीलों में कम्प्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालक, आदेशिका वाहक, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कर्तव्य भवन का उद्घाटन: पीएम मोदी बोले- किराए के 1500 करोड़ रुपये बचेंगे, यहां विकसित भारत की नीतियां बनेंगी




नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। यह भवन इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन के बीच बनाया गया है, जहां पर देश के सभी बड़े मंत्रालय होंगे। कर्तव्य भवन-3, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा है। यह भवन मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस है, जिसमें बड़ा वर्कस्पेस भी तैयार किया गया है। पीएम मोदी ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन करने के बाद उन श्रमिकों से बातचीत की, जिन्होंने भवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।

कर्तव्य भवन को दिल्ली भर में फैले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), एमएसएमई मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय होंगे।

### कुल 10 भवनों का होगा निर्माण

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत कुल 10 भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय होंगे। इनमें से कर्तव्य भवन-3 बनकर तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन पीएम मोदी ने बुधवार को किया। इसके अलावा कर्तव्य भवन-1 और कर्तव्य भवन-2 पर अभी काम चल रहा है, जो अगले महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, अन्य इमारतों का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। बता दें कि इन भवनों को कामन सेंट्रल सिक्रेटेरिएट (सीसीएस) नाम दिया गया है। कर्तव्य भवन-3, लगभग 1.50 लाख स्क्वायर मीटर में बनाया गया है। इसमें 600 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा है। इस भवन में 2 बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर सहित कुल 7 फ्लोर हैं। यहां पर वर्क हॉल, मेडिकल रूम, क्रैच, योगा, कैफे, 24 कॉन्फ्रेंस हॉल और 26 छोटे कॉन्फ्रेंस हॉल मौजूद हैं। इसके अलावा 67 मीटिंग रूम, 27 लिफ्ट और 2 स्वचालित सीढ़ियां भी हैं।

### मौजूद भवन काफी पुराने

मौजूदा समय में केंद्र सरकार के कई जरूरी मंत्रालय शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन, निर्माण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मैं चुप नहीं बैठूंगी, बंगाली भाषा के अपमान के खिलाफ विरोध जारी रहेगा-ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बुधवार को झारग्राम में एक विशाल विरोध रैली निकाली। इस दौरान सीएम ममता ने राज्य के बाहर बंगाली भाषा प्रवासियों पर कथित हमलों की निंदा की। वहीं NRC और मतदाता सूची संशोधन के नाम पर बंगालियों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। रैली के दौरान सीएम बनर्जी ने कहा कि आप मुझे गिरफ्तार करने या गोली मारने आएं, मैं बंगाली भाषा के अपमान के खिलाफ विरोध करती रहूंगी।



### बंगाली बोलने पर बांग्लादेशी कहा जाता है-सीएम बनर्जी

रैली को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कोई बंगाली भाषा बोलता है तो उसे बांग्लादेशी कहा जाता है। यह हमारे लोगों को परेशान करने की एक साजिश के अलावा और कुछ नहीं है।

### बीजेपी को दुनिया के सामने बेनकाब करूंगी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि अगर आप बंगाल के लोगों पर और बंगला भाषा पर हमला करेंगे तो मैं दुनिया के सामने बीजेपी को बेनकाब कर दूंगी। मैं चुप नहीं रहूंगी। सीएम ममता बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए एसआईआर को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का इस्तेमाल पिछले दरवाजे से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लाने के लिए एक हथियार के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने के लिए की जा रही है। लोग पहले ही डर के मारे आत्महत्या कर रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर एक भी मतदाता मतदाता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम जनमन योजना: छत्तीसगढ़ को 100 पुल निर्माण समेत 375.71 करोड़ रुपये की मिली मंजूरी, सौंपा गया स्वीकृति पत्र

कबीरधाम। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों को मजबूती देते हुए बुधवार को केंद्र सरकार की ओर से राज्य में 100 पुलों और अन्य निर्माण कार्य के लिए 375.71 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने नई दिल्ली में उनसे मिलने आए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए इसकी घोषणा की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि पीएम जनमन बैच-II (2025-26) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को 375.71 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 6,569.56 मीटर के 100 पुल स्वीकृत किए हैं। इस स्वीकृति के साथ राज्य को अब तक 715 सड़क (2,449.108 किलोमीटर) व 100 पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य दूरदराज व अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) को सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। स्वीकृति राशि की मदद से निर्मित सड़क व पुल, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) आबादी की सामाजिक आर्थिक स्थिति को बदलने में एक बड़ा बदलाव साबित होगी। उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कदम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना भी पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क और पुलों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ फास्ट ट्रैक मोड में पूरा हो, यह प्रसन्नता की बात होगी। बैठक में राज्य में चावल भंडारण के लिए वैकल्पिक उपाय,ग्रामीण व पंचायत स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने, पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत नए घरों की स्वीकृति के लिए सर्वे व अन्य विषय पर चर्चा हुई।



# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बन रहा टेक्नोलॉजी हब: नवा रायपुर में कामन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मिली मंजूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। अब राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्टिंग या प्रोटोटाइपिंग के लिए बेंगलुरु, पुणे या नोएडा जैसे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवा रायपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस परियोजना से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, स्टार्टअप और युवाओं के लिए नया युग प्रारंभ होगा। यह परियोजना छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति के अनुरूप निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। कॉमन फैसिलिटी सेंटर नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-22 में 3.23 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 108.43 करोड़ रुपये है, जिसमें से 75.00 करोड़ रुपये की




इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में आत्मनिर्भर बनेगा राज्य, युवाओं को मिलेगा नवाचार और रोजगार का नया मंच

वित्तीय सहायता भारत सरकार के MeitY मंत्रालय द्वारा EMC 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। शेष 33.43 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे तथा भूमि की उपलब्धता नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। यह कॉमन फैसिलिटी सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने हेतु एक साझा एवं अनुकूल वातावरण निर्मित करेगा, जहां प्रिंटेड सर्किट बोर्ड प्रोटोटाइपिंग, 3D प्रिंटिंग, EMC परीक्षण और वुड वर्कशॉप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह केंद्र अर्धचालक (सेमीकंडक्टर), माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, एलईडी लैंप, सोलर चार्ज कंट्रोलर, इलेक्ट्रिक वाहन समाधान, ऑटोमेशन समाधान और SCADA पैनल जैसी इलेक्ट्रॉनिक्स आधारित उत्पादन इकाइयों को विशेष लैब और परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। यह सेंटर क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। उदाहरण के तौर पर, एक छोटी एलईडी लाइट निर्माण इकाई अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए C F C की परीक्षण लैब का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्या पर हमला: भीड़ में घुसकर युवक ने मारा थप्पड़, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और लोक मोर्चा के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या पर हमला हुआ है। यह हमला बुधवार को रायबरेली के सरस क्रॉसिंग के पास हुआ। स्वामी प्रसाद मौर्या रायबरेली में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स मौर्या को स्वागत करने के बहाने पीछे से आता है और फिर उन्हें थप्पड़ मार देता है। पुलिस के अनुसार, हमलावर ने हाथ में माला लेकर मौर्या के पास पहुंचा, जिससे यह आभास हुआ कि वह उन्हें सम्मानित करने आया है। लेकिन अचानक उसने पीछे से थप्पड़ जड़ दिया। मौके पर मौजूद समर्थकों ने तुरंत आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम पारीकला में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारीकला में रोड किनारे कदम का पौधा लगाया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पारीकला के सड़क के दोनों किनारे में लगभग 300 पौधे लगाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सौरभ कोठारी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, लीड बैंक मैनेजर श्री मुनिष शर्मा, सरपंच श्रीमती कामनी आम्बिलकर, पंच सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया ने 70 प्लस के वृद्धजनों को किया आयुष्मान कार्ड वितरित



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा उत्तर मंडल द्वारा वार्ड नं. 9 शंकरपुर में 70 प्लस के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड वितरण उत्तर मंडल भाजपा अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, महामंत्रीद्वय चंद्रभान जंघेल, विनोद भारती, साकेत वैष्णव, समीर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# पायल बारमाटे बनी शहर महिला कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल देसाई एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल अरुण ताम्रकर, प्रदेश सेवादल की महिला अध्यक्ष मंजुलता आनंद की अनुशंसा आदेशानुसार राजनांदगांव शहर की जिला महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्रीमती पायल बारमाटे को नियुक्त किया गया। अमित खण्डेलवाल अध्यक्ष (जिला मुख्य संघठक) शहर जिला कांग्रेस सेवादल, शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुलबीर छाबड़ा द्वारा पुष्प गुच्छ एवं सेवादल की गाँधी टोपी पहना कर बधाई दी। पार्टी के अनुशासन में रहकर पार्टी के लिए काम करने का संकल्प दिलाया गया एवं सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत द्वारा बैठक में मुख्य रूप से रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, श्रीकिशन खण्डेलवाल, कुतबुदीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, एनी माखीजा युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शकील रिजवी, दक्षिण ब्लॉक प्रभारी हनी ग्रेवाल, राकेश जोशी, पूर्व पार्षद पूर्णिमा नागदेवे सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कांग्रेस सेवादल के महामंत्री बुधराम साहू ने दी।

# पूर्व सरपंच नीता साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के सक्रिय पदाधिकारी, तहसील साहू संघ छुरिया के संरक्षक, पांगरीकला निवासी दयालदास साहू की धर्मपत्नी पूर्व सरपंच श्रीमती नीता साहू 58 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय पदाधिकारी संदीप कुमार साहू शिक्षक, सुधीर साहू शिक्षक की माता थी। सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेने वाली श्रीमती साहू पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार 6 अगस्त को ग्राम पांगरीकला के मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जिला साहू संघ, तहसील साहू संघ छुरिया, तहसील साहू संघ डोंगरगांव सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शोक सभा में खुज्जी विधायक भोला राम साहू, गुंडरदेही के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हिरेन्द्र कुमार साहू, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।





श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
एक्शन से भरपूर
सन आफ सरदार 2
अजय देवगन, तृप्ति डिमरी, रवि किशन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# भाजपा सरकार बिजली बिल हॉफ योजना बंद कर जनता को दे रही आर्थिक बोझ- कांग्रेस



**शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता लेकर दी जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना बंद कर एक तरह से गरीब जनता पर अत्याचार के समान है। डेढ़ साल में ही भाजपा की सरकार द्वारा चार बार बिजली बिल के दामों में वृद्धि कर चुकी है अब फिर प्रदेश की जनता पर आर्थिक भार डालते हुए 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट से उपर खपत करने वालों को ही हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिल सकेगा बाकि जनता को पूरा बिल भुगतान करने आर्थिक व मानसिक बोझ डालने जा रही है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार बिजली बिल के दामों में वृद्धि कर रही है वही अब 400 यूनिट बिजली बिल योजना को संशोधित कर 100 यूनिट खपत करने वालों को ही योजना से जोड़ा जा रहा है जो न्यायसंगत उचित नहीं है। एक तरह से किया जाए तो साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किये जाना जनता के उपर अत्याचार है। भाजपा सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले को ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। जबकि कांग्रेस की सरकार द्वारा 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रूपए तक की बचत हुई है।

जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है। भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। केन्द्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते हैं बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है, कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवर प्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है, जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है।

पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही पूरे प्रदेश में अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, जिपं सदस्य विभा साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पीसीसी महासचिव डॉ. थानेश्वर पाटिला, मोहम्मद यहया, हनी ग्रेवाल, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, शौर्य वैष्णव उपस्थित थे।

# कैट हर दुकान तिरंगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम पूरे प्रदेश के सभी इकाईयों में किया जायेगा

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन मगेलाल मालू, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि आज प्रदेश कार्यालय में कैट सी.जी. चैप्टर ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर दुकान तिरंगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं सदस्य- राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड अमर पारवानी ने बताया कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गर्व और एकजुटता का प्रतीक है। आजादी के इस अमृत काल में हर भारतीय को यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कि वह अपने घर, दुकान और संस्थान में पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहरा सके। उन्होंने आगे कहा कि कैट देशभर के व्यापारिक संगठनों से विशेष अनुरोध किया कि वे 15 अगस्त तक अपने प्रतिष्ठानों और घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं तथा आम नागरिकों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

कैट के अध्यक्ष राजू डागा ने बताया कि 'हर दुकान तिरंगा, हर घर तिरंगा' अभियान 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत किया गया, जिसमें देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने पर बल दिया गया। कैट के अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, सूरज बुद्धदेव, अशोक पांडे, हेतल भोजानी, बालू शर्मा, अमिनेश राय, रोहित माखीजा, आकाश चोपड़ा, जैनम बैद, मधु बैद, मोना गोसाई, संगीता शुक्ला शामिल होंगे।

# मुहल्ले में हुडदंग करने वाले 4 लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मुहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वालों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें रिमांड में जेल भेज दिया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बता कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के दिशा निर्देश पर असमाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इस कड़ी में आज बुधवार 6 अगस्त को उनके नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंगकर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले हिमेन्द्र मंडावी पिता नरेश मंडावी निवासी कौरिनभांठा, रत्नेश उर्फ राहुल सिंह ठाकुर पिता स्व. भगत सिंह ठाकुर निवासी ब्राम्हणपारा दुर्गा चौक, मोनू यादव पिता स्व. देवीलाल यादव उम्र 25 साल सा. इंदिरा नगर व रूपेश उर्फ मोनू गेण्ड्रे पिता घनश्याम गेण्ड्रे उम्र 32 साल निवासी कुंआ चौक नंदई को गिरफ्तार किया गया।

# आर्म्स एक्ट के तहत दो बदमाश गिरफ्तार



**लोहे का धारदार तलवार जप्त**

राजनांदगांव (दावा) कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के तहत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लोहे के धारदार तलवार जब्त की है और उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन मे उनके थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में अड्डेबाजी एवं चाकूबाजी कर शहर में दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलॉफ कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में 5 अगस्त को रात्रि 21:00 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि दो लड़के गुजरात इन होटल के पास में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे है। इस पर थाना पेट्रोलिंग स्टॉफ को तत्काल मौके पर रवाना किया गया जिस पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उन लोगों ने अपना नाम सोमू साहू पिता जितेन्द्र साहू उम्र 21 वर्ष निवासी राम नगर चौहान टाईल्स के पास, रोहन गणवीर पिता संतोष गनवीर उम्र 24 वर्ष निवासी उड़िया मोहल्ला लालबाग ने बताया जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद मिला जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत होना पाये जाने से अप.क्र. 410/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार 6 अगस्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# गौमाता को घास खिलाते, जयकारे लगाते, गौसेवा प्रेरणा झांकी के साथ निकली कांवड़ यात्रा, पुष्पवर्षा से स्वागत




राजनांदगाँव(दावा)। राजनांदगाँव जो कि तीज त्यौहारों उत्सवों को उत्साह परम्परा से मनाने का नगर है। संस्कारधानी में हर धार्मिक पर्व हर्षोउल्लास उत्साह के साथ मनाया जाता है जो कि स्वयं में एक अनुकरणीय एवं प्रेरणास्पद रहता है। पवित्र सावन माह समाप्ति की ओर अग्रसर है। सावन के प्रत्येक सोमवार संस्कारधानी प्रातः धार्मिक तीर्थ स्थल में परिवर्तित हो जाती है। हजारों शिवभक्त कावड़ लेकर कावड़यात्रा कर शिव जी को जल अर्पण करते है। चौथे सोमवार श्री बागेश्वर धाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा पिछली तीन पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रप्रेम, प्रभु श्रीराम हनुमान पर आधारित कावड़ यात्रा के पश्चात् शिवभक्ति से गौसेवा गौ सुरक्षा विषय को संलग्न कर गौसेवा प्रेरणा कावड़ यात्रा निकाली गई। उक्त गौसेवा की थीम पर कावड़ यात्रा तैयारी पिछले एक सप्ताह से की जा रही थी। बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर (शनिधाम), मयंक शर्मा, प्रतीक गुप्ता, सौरभ गुप्ता, भव्य व प्रेरणास्पद बनाने हेतु तैयारी कर रहे थे।

गौसेवा कावड़ यात्रा में सर्वप्रथम सबसे आगे बागेश्वर धाम मंदिर के बाल गोपाल सेवकों द्वारा गौमाता को घास व बिस्कीट खिलाया गया जा रहा था। उसके पीछे डी.जे. में शिवजी कृष्णजी के साथ गौमाता के भजन भी भक्तिमय वातावरण बना रहे थे। कांवड़ यात्रियों द्वारा बोल बम, हर-हर महादेव के साथ गौमाता की जय, गौहत्या बंद करो, गौमाता को राज्यमाता का दर्जा दे आदि गगनभेदी जयकारे, नारे शिवभक्तों द्वारा लगाए जा रहे थे। कांवड़ यात्रा के अंत में गौसेवा पर आधारित मनमोहक गौमाता की झांकी, गौसेवा की प्रेरणा का संदेश दे रही थी। भगवान शिव कृष्ण, हनुमान गौमाता को अपने हाथों में लिए, हृदय से लगाकर गौसेवा की प्रेरणा दे रहे थे, गौ रक्षा, सेवा की पट्टीका, सनातन धर्मियों को गौमाता की सुरक्षा सेवा का आग्रह लिए प्रर्देशित थी। गौमाता की सेवा प्रेरणा देते हुए हाथों में गौसेवक, लिए हुए नारे लगा रहा थे। आज की गौसेवा प्रेरणा कांवड़ यात्रा में गौसेवक संस्थाएं पदाधिकारियों, अंशुल कसार, गौरक्षक सेवा संघ, राहुल अग्रवाल, सौरभ खण्डेलवाल बालरत्न गौसेवा मंच, रायपुर से कसौंधन वैश्य समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव गुप्ता, भिलाई के अध्यक्ष आदि अनेक गौसेवक भी शामिल थे।

नंदई चौक पर कोमल सिंह राजपूत, राजा माखीजा, नमिताभ जैन अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कामठी लाईन में लोहिया परिवार व सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट अशोक लोहिया व अन्य गौसेवकों, संस्कारधानी वासियों द्वारा अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया गया। कांवड़ यात्रा में अपनी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सेवा देने वाले, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, ट्रेफिक विभाग शामिल शिवभक्तों का श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

# सरकार के जनविरोधी नीतियों से जनता में पनप रहा आक्रोश - पीयूष दुबे



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने वर्तमान समय में त्रस्त आम जनता और किसानों की स्थितियों को देखते हुए भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए बयान में कहा कि, प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता में आक्रोश पनपते जा रहा है। सरकार आम जनता को झटके पर झटका देने में लगी है बिजली के दाम बढाने के बाद 400 यूनिट तक 50 प्रतिशत रियायत को 100 यूनिट तक कर दिया गया जिससे लाखो उपभोक्ताओं के जेब में डाका डला है। अन्नदाताओं को खाद के लिए भटकते देखा जा सकता है खाद की ऐसी किल्लत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में कभी नही देखा गया था।

कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने कहा कि समय पर खाद नहीं मिलने से किसान मानसिक रूप से परेशान हैं। भाजपा सरकार द्वारा गौठान भी बंद कर दिया गया जिससे किसान अपनी फसल को घुमन्तु पशुओं से रक्षा करने में असमर्थ है, गौ अभ्यारण्य की बात करने वाली सरकार अब तक इसे अमलीजामा नही पहना सकी है। इसी प्रकार पहली बार आत्मानंन्द अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में अब तक किताबे नही पहुची है जबकि इसी माह परीक्षा की समय सारिणी भी घोषित कर गई है स्कूली बच्चे व उनके पालक परेशान हैं उनकी शिक्षा बाधित हो रही पर पालक व जनता की पीड़ा से सरकार को कोई सरोकार नही है। कांग्रेस सरकार के समय शराबबंदी की मांग करने वाली भाजपा ने मदिरा प्रेमियों के लिए मेहरबान होकर नई शराब भट्टियां व प्रीमियम ब्रांड शराब की बखूबी व्यवस्था जरूर की है। अब भाजपा सरकार की जनविरोधी रीति व नीतियों को जनता भलीभांति समझ चुकी है आगामी चुनावों में वे इनकी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी।

# बस्तर टाईगर के नाम से मशहूर थे कर्मा: कांग्रेस



**जयंती पर कांग्रेसजनों ने महेन्द्र कर्मा को दी विनम्र श्रद्धांजलि**

राजनांदगांव (दावा)। बस्तर टाइगर व झीरम घाटी के शहीद स्व. महेन्द्र कर्मा की जयंती पर 05 अगस्त को स्थानीय सतनाम भवन नंदई चौक में कांग्रेसजनों द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व स्व. कर्मा जी के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 05 अगस्त मंगलवार को शहीद स्व. महेन्द्र कर्मा की जयंती पर संगोष्ठी सभा के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि महेन्द्र कर्मा बस्तर के टाइगर के नाम से मशहूर थे वे दंतेवाड़ा से विधायक एवं बस्तर से सांसद और छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन कर चुके है। स्व. कर्मा निर्भीक और अपनी बात कहने वाले नेता थे। प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा निकाली परिवर्तन यात्रा के दौरान 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में कांग्रेस के जाबाज दबंग नेता को हमने खोया है जो दिन रात बस्तर और छत्तीसगढ़ का समृद्ध व विकासशील बनाने की बात कहता था जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे। ऐसे नेता को मैं सादर नमन करता हूं। वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि बस्तर टाइगर के नाम से प्रसिद्ध शहीद स्व. महेन्द्र कर्मा के बलिदानों को भूलाया नहीं जा सकता। स्व.कर्मा जी बस्तर और आदिवासियों के विकास और सुरक्षा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। नक्सलियों के आतंक को खत्म करने के लिए सलवा जुडूम अभियान चलाया था।

संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पदम कोठारी, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, रमेश राठौर, मन्ना यादव, अशोक पंजवानी, डॉ. आफताब आलम, मोहम्मद यहया, हनी ग्रेवाल, सूर्यकांत जैन, गुरभेज माखिजा, शकील रिजवी, पार्षद मुकेश साहू, खिलेश बंजारे, नीरज कन्नौजे, मधुबाला श्रीवास्तव, पूर्णिमा नागदेवे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि पक्षकारगण आवेदक अमुक भटनागर आ. स्व.श्री बी.एस. भटनागर, आयु-35 वर्ष, निवासी- बी-12,सांई छाया, सना सिटी, कौरिनभांठा, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी कृष्णा आ. श्री विनय भगत, आयु -34 वर्ष, स्थायी निवासी- क्वा.नं. बी-1/11, एस.बी.आई. कॉलोनी सेक्टर-5, बोकारो स्टील सिटी जिला बोकारो (झारखण्ड) वर्तमान निवासी द्वारा ललित किशोर नारंग, ब्लाक-अ, आदर्श नगर डोंगरगढ़ थाना व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारिख 08/09/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक :- 04/08/2025
पेशी तारीख :- 08/09/2025

**संयुक्त कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

IT IS TO INFORM IN GENERAL THAT MY FATHER'S NAME IS SADUJI SHAKKARPUDE WHICH IS WRONGLY MENTIONED AS SADU IN MY PASSPORT. NOW IT IS TO BE CORRECT AS SADUJI SHAKKARPUDE. TAKE NOTE.

TULSI RAM SHAKKARPUDE
S/O SADUJI SHAKKARPUDE
H. NO. C/5, WARD NO. 07,
STATIONPARA PANDURANG
COLONY, RAJNANDGAON
(C. G.) PIN 491441

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
578-0 225-9
राजधानी
1-4-6
136-0 900-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# रक्षाबंधन त्योहार नजदीक आते ही राखियों का बाजार हुआ गुलजार





राजनांदगांव (दावा)। आगामी 9 अगस्त को भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह बंधन का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बहने इस पुनीत पर्व को लेकर खासी उत्सुक हैं और इसकी तैयारियों में जुट गई है। इधर पर्व को लेकर शहर का बाजार सज गया है। जहां रंग-बिरंगी राखियों की अच्छी खासी बिक्री हो रही है। राखी दुकानो में जहां साधारण धागे से लेकर हर एक किस्म व डिजायनरों सहित विभिन्न वेराइटियां वाली राखियां आकर्षित कर रही है। शहर के विभिन्न स्थानों में सजी राखी दुकानों में महिलाएं व युवतियां का हूजूम देखने में आ रहा है।

शहर के मानव मंदिर समीप दुकान लगाए साहिल राखी भंडार में पांच रुपए से लेकर तीन साढ़े तीन सौ रुपए तक राखियों बेंची जा रही है। राखी दुकानदार ने बताया कि उनके यहां पुराने डिजाइन की राखी 20 से 30 रुपए तक बेची जा रही है वहीं चमकदार नग वाली एडी राखियां ढाई सौ रुपए में दिया जा रहा है। इसके अलावा उनके पास सबसे बढ़िया ऊंची कीमत की राखी 3 से साढ़े 3 सौ रुपए तक की है।

**○ दूरस्थ भाईयों को डाक से राखियां भेजने का सिलसिला जारी**
**○ बस-ट्रेनों में महिलाओं की दिख रही भीड़**

### आकर्षित कर रही रंग-बिरंगी राखियां

शहर के मुख्य मार्केट गोल बाजार व गुड़ाखू लाइन में रंग-बिरंगी राखियों की कतार से दुकानें सजी हुई है। यहां जी मार्केट के समीप दुकान लगाए देवांगन राखी भंडार के संचालक ने बताया कि इस साल नई डिजाइन में अयोध्या धाम, जय श्रीराम, गुज़रात व मुंबई की फैंसी राखियां, राजकोट की मेंटल राखियां बहनों को खूब लुभा रही है। इसी तरह बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल का क्रेज बने होने से महाकाल राखियों भी खूब बिक रही है। वहीं बच्चों में कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां स्पाइडर मैन,पेपा पिंग, मिक्की माउस, मोंटू-पतलू, माशा, पिकाचू, बेटमेन, आयरन मैन आदि राखियां पसंद बना हुआ है। इसी तरह युवतियां भी भाभी लूंबा, कपल लूंबा, एडी स्टोन, श्री राम, श्री कृष्ण, राधा व कान्हा आदि सहित ओम, मोर पंख, रुद्राक्ष अमेरिकन डायमंड, वाली राखियां ज्यादा पसंद कश्यप रही है।

### डाक द्वारा भेजी जा रही राखियां

बता दें कि बहने फौज में भर्ती अपने भाईयों व दूरस्थ जगहों में काम करने वाले भाईयों को डाक से राखियां भेज रही है। डाक विभाग द्वारा इसके लिए स्पेशल डिब्बा लगाया गया है। इस के अलावा स्पीड पोस्ट से भी राखियों भेजी जा रही है। भाई बहनों के स्नेह बंधन व प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए अपने भाईयों के पास जाने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। कई बहने तो राखी त्योहार के साथ-साथ तीजा पर्व अपन मायके में मनाने के लिए अभी से ही विदा हो गई है। मायके से उनके भाई बंधु पिता चाचा आदि आकर उन्हें लिवाकर ले जा रहे हैं इससे बस ट्रैनों में उनकी ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। यह सिलसिला गणेशोत्सव पर्व तक बना रहेगा। परिवहन बस, ट्रेन वालों सहित दुकानदारो की भी कमाई बनी रहेगी।

# अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों ने किया श्री बागेश्वर महादेव की महाआरती, बच्चों का हुआ सम्मान



राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी में सावन के पवित्र सावन माह में श्री बागेश्वर धाम मंदिर में सावन महोत्सव 2025 पूरी श्रद्धा भक्ति उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रति सावन सोमवार शिवभक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की संध्या महाआरती की जा रही है। अंतिम सोमवार को भगवान बागेश्वर महादेव की महाआरती हेतु अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना, कल्याण की कामना से आंमत्रित किया गया था। उक्त महाआरती परिकल्पना व तैयारी श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवकगण पंकज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक, शर्मा, राजेश शर्मा, अजय गुप्ता सौरभ खंडेलवाल द्वारा की गई। इसी कड़ी मे चौथे सोमवार को संध्या अभिलाषा के दिव्यांग बच्चें भी बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचे, उनके द्वारा श्री बागेश्वर महादेव के दर्शन के बाद हर-हर महादेव, जय बागेश्वर धाम का जयकारा लगाया गया। तत्पश्चात महाआरती श्रद्धा उत्साह के साथ की गया। महाआरती के पश्चात् दिव्यांग बच्चों को महाप्रसादी वितरित की गई। बच्चों को श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट तथा भावेश अग्रवाल द्वारा उपहार वितरण किया गया तथा अगले आयोजन में आने का न्योता देकर बिदाई की गई।

उक्त अवसर पर श्रीराम हनुमान शिव कांवड़ यात्रा में शामिल होकर श्रीराम शिव हनुमान बनने वाले बाल गोपालों का भी सम्मान श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक शिवभक्तगण भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा महाआरती व सावन महोत्सव में शामिल हुए सभी शिवभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं भविष्य में भी आयोजनों में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक विकास गुप्ता सौरभ गुप्ता द्वारा दी गई।

# शैंकी बग्गा 'सदस्यता श्री सम्मान' से हुए सम्मानित





राजनांदगांव (दावा)। शीतला माता वार्ड क्रं. 24 के पार्षद एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के चेयरमैन शैंकी बग्गा ने भाजपा के सदस्यता अभियान 2024-25 में 3000 से ज्यादा लोगों को भाजपा से जोड़कर उन्हें सदस्यता दिलवाने पर मुख्यमंत्री आवास नया रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से 'सदस्यता श्री सम्मान' प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरे राजनांदगांव जिले के सारे बीजेपी कार्यकर्ताओं में सबसे सर्वाधिक 3000 से ज्यादा जनमानस को भाजपा से जोड़ने के लिए और उनको सदस्य बनाने के लिए पूरे राजनांदगांव जिले में एक मात्र 'सदस्यता श्री सम्मान' मिलने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ है।

**भाजपा में 3000 से ज्यादा लोगों को दिलाई सदस्यता**

सम्मान प्राप्त करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास स्थान पहुँचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व सासंद अभिषेक सिंह ने और भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी बधाई और शुभकामनाए दी और भाजपा के लिए लगातार समर्पित होकर काम करने के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद जनमानस को भाजपा से और केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए और अधिक प्रेरणा मिली है।

# 'क्राफ्टिंग स्माइल्स विद लैमिनेट्स' कार्यशाला रही सफल

राजनांदगांव (दावा)। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) राजनांदगांव शाखा द्वारा एबिस ग्रीन्स में एक दिवसीय कार्यशाला 'क्राफ्टिंग स्माइल्स विद लैमिनेट्स' का आयोजन किया गया, जिसमें देश के वरिष्ठ प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डॉ. हेमंत गडगे मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने पोर्सलीन लैमिनेट्स विषय को सटीक, सरल और उत्कृष्ट ढंग से प्रस्तुत किया। उपस्थित चिकित्सकों को इससे अत्यंत लाभ हुआ। कार्यक्रम में लाइव डेमो और हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल के माध्यम से शेड सिलेक्शन, दाँत प्रिपरेशन, सीमेन्टेशन जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया

कार्यक्रम का आयोजन आईडीए अध्यक्ष डॉ. मनुप्रीत कौर, सचिव डॉ. नुपुर सरकार तथा सभी आईडीए सदस्यों के उत्कृष्ट समन्वय से हुआ। डॉ. हेमंत गडगे सर का हार्दिक आभार जिनके सरल और प्रभावी व्याख्यान से यह कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और सफल रहा। यह आयोजन सभी दंत चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यशाला में 25+ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें फ्रीबीज़ व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# जैनम बैद ने कराया वार्ड 37 में शौचालय जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण




राजनांदगांव (दावा)। वार्ड क्रमांक 37, महावीर वार्ड अंतर्गत ठाकुरदैय्या (डबरीपारा) क्षेत्र में स्थित 8 सीटर शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों में से एक था, जिसे प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूर्ण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद जैनम बैद ने जानकारी देते हुए कहा कि निकाय चुनाव के दौरान किए गए वादों को निभाना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी दोनों है। जनता से जो कहा, उसे पूरा करना ही जनप्रतिनिधि की सच्ची जवाबदेही है। यह कार्य विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय एवं महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन व सहयोग से संभव हो सका है। जैनम ने बताया कि, इसके साथ ही वार्ड के अन्य हिस्सों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसमें नाली निर्माण सहित अधोसरंचना के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही उन पर भी काम शुरु किया जाएगा। शौचालय के जीर्णोद्धार से ठाकुरदैय्या क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सुविधा मिलेगी। पार्षद बैद ने बताया कि आने वाले समय में महावीर वार्ड को नगर का एक आदर्श और उत्कृष्ट वार्ड बनाने के लिए वे लगातार कार्यरत रहेंगे। उन्होंने इस विकास कार्य को सफल बनाने में वार्डवासियों के सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# फ्लाई ओव्हर के नीचे, गुडाखू लाईन, सिनेमा लाईन एवं जूनीहटरी में आज पुनः चला अतिक्रमण हटाव अभियान



**अभियान में आयुक्त, एस.डी.एम. व तहसीलदार पैदल घुमकर दुकान के अंदर सामान रखने, पसरा नहीं लगाने दिये समझाईस**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व सुगम आवागमन के लिए प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गो में जाकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये। समझाईस उपरांत समान व्यवस्थित नहीं रखने पर प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे, गुड़ाखु लाईन, सिनेमा लाईन, जूनीहटरी, ममता नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाव अभियान चलाकर सामान हटा अतिरिक्त लगे शेड तोड़ने की कार्यवाही किए थे, साथ ही गुरूद्वारा रोड, महाकाल चौक, जयस्तम्भ चौक के आसपास तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये थे। गौरतलब है कि गुडाखू लाईन, सिनेमा लाईन, जूनीहटरी क्षेत्र एवं फ्लाई ओव्हर के नीचे पुनः अतिक्रमण होने पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा व तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव आज घुम-घुमकर समझाईस देकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए।

उल्लेखनीय है कि शहर में आबादी बढने के अलावा जिस गति से दुपहिया, चार पहिया वाहनो की संख्या में वृद्धि हो रही है, उसी गति से अतिक्रण भी बढ़ रहा है। चुकि शहर के आंतरिक व बाजार क्षेत्र में सघन बस्ती व सकरी सडके है, जिसमें अतिक्रमण होने से आवागमन में परेशानी होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और अतिक्रमण हटाने, समान दुकान के अंदर रखने समझाईस देकर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर समान जप्त कर शेड हटाये और आज पुनः बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी।

गुडाखू लाईन, सिनेमा लाईन, जूनीहटरी, फ्लाई ओव्हर के नीचे पुनः अतिक्रमण होने पर आज निगम आयुक्त, एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहकर दुकानदारों को शहक के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करने समझाईस दिएं। साथ ही ठेला, पसरा, हटवाकर दुकान के बाहर रखे व लटके समान की जप्ती की गयी। उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीददार भी पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने आने में हिचकिचाते है। जिसके कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सब को सहयोग करना है। उन्होने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि, समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। अपालन पर प्रशासन की टीम इसी प्रकार समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज के अतिक्रमण हटाव अभियान में निगम के अधिकारी, बसंतपुर थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित अतिक्रमण दस्ता तथा पुलिस प्रशासन उपस्थित था।

# तिरंगा यात्रा मंडल संयोजकों की सूची जारी हुई






राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा शुरू की जा रही है, एवं घर-घर में तिरंगा लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिस हेतु तिरंगा यात्रा के संयोजक मूलचंद लोधी ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से मंडल संयोजक एवं दो सह संयोजकों की नियुक्ति की है, जिसके अनुसार घुमका मंडल के संयोजक अक्षय छत्रिय एवं सहसंयोजक गोविंदा सेन व शांति निर्मलकर बनाए गए हैं। तीलई मंडल के संयोजक मोहन साहू एवं सहसंयोजक हेमंत लहरें व श्रीमती सुनंदा मैथिली छत्रिय बनाई गई हैं। डोंगरगढ़ शहर के संयोजक विनीत यादव एवं सहसंयोजक हरीश मोटघरे एवं वत्सला श्रीवास्तव बनाए गए हैं। डोंगरगढ़ ग्रामीण के संयोजक हेम कुमार साहू एवं बिंदा बाई वर्मा, एवं हरदेव वर्मा बनाए गए है। मुसरा मुरमुंदा के संयोजक पप्पू देवांगन एवं सह संयोजक धर्मेंद्र वर्मा तथा गायत्री टेभुरकार बनाए गए हैं। तुमडीबोड मंडल के संयोजक जीवन पटेल तथा लोकेश वर्मा तथा श्रीमती निर्मला साडील्य बनाई गई। इसी तरह से छुरिया मंडल के संयोजक अशोक मरकाम तथा सहसंयोजक के रूप में हितेश गुप्ता एवं श्रीमती भान भाई मांडवी को जवाबदारी दी गई है।

गैंदाटोला मंडल के संयोजक कुमार साय साहू एवं सहसंयोजक यश कुमार सिन्हा, श्रीमती कीर्ति भाई गंगासागर बनाई गई है। राजनांदगांव उत्तर के संयोजक राजकमल ध्रुव एवं सहसंयोजक कबीर साहू एवं श्रीमती प्रेमा सोनकर बनाई गई हैं। राजनांदगांव दक्षिण के संयोजक रवि साहू को बनाया गया है, साथ ही सहसंयोजक के रूप में सुरेश साहू एवं श्रीमती रेवती साहू को जवाबदारी दी गई है। राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व गोविंद देवांगन को संयोजक एवं सहसंयोजक बुद्धेश्वर साहू एवं श्रीमती उतरा बाई तमस्कर बनाई गई हैं। राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम के संयोजक पुनीत साहू एवं सहसंयोजक मुकेश साहू एवं अनामिका यादव को बनाया गया है। तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए को कुमरदा मंडल के अध्यक्ष मुकेश साहू एवं सहसंयोजक ओके साहू एवं श्रीमती चित्रलेखा साहू बनाए गए हैं। अर्जुनी मंडल के लिए किशोर यादव सयोंजक एवं भाविश निक्की तथा श्रीमती रेशमां साहू सहसंयोजक बनाए गए हैं। लाल बहादुर नगर के संयोजक उपकार सिंह बघेल एवं सहसंयोजक चंद्रप्रकाश देशमुख, श्रीमती गोदावरी निषाद एवं श्रीमती पुष्पा सिंहा को बनाया गया है। डोंगरगांव मंडल के संयोजक संतोष यादव एवं सहसंयोजक दिप्ती ठाकुर तथा वीरेंद्र साहू को बनाया गया है। जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री राजेंद्र गोलछा, सौरभ कोठारी एवं रविंद्र वैष्णव ने सभी मंडल संयोजकों को राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन तिरंगा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के घर में तिरंगा झंडा लगाने का आवाहन भी किया है।

# अभिलाषा का कार्य सराहनीय - उपसंचालक वैशाली मरडवार



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में जिले में नवपदस्थ उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार का आकस्मिक निरीक्षण के लिए पदार्पण हुआ। निरीक्षण के दौरान संस्था के वरिष्ठ संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते सहित समस्त शिक्षक कर्मचारी अपने कार्य पर उपस्थित पाए गए। उपसंचालक श्रीमती मरडवार द्वारा कक्षा में पढ़ाई कर रहे बच्चों से भेट कर शिक्षा गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए अध्यापन व्यवस्था की सराहना किया गया। उनके द्वारा रसोई, छात्रावास का अवलोकन करते हुए स्वच्छता सहित संपूर्ण व्यवस्था की सराहना किया गया।

श्रीमती मरडवार द्वारा कहा गया कि कोई भी दिव्यांग शिक्षा, स्वास्थ्य से वंचित न रहे, हमारा मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाना है, अधिक से अधिक दिव्यांगजन रोजगार से जुड़े, आत्मनिर्भर बने और आत्म सम्मान की जिंदगी जी सके, यही हमारी और हम सबकी अभिलाषा है। उन्होंने ने कहा आज मुझे अभिलाषा संस्था में आकर बहुत अच्छा लगा, नवपदस्थ उपसंचालक श्रीमती मरडवार को संस्था के बच्चे स्टाफ सहित संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोददून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव, सुदामा मोटलानी, संजय श्रीमाल, अशोक अग्रवाल, अशोक कोटड़िया, श्रीमती अमृता खंडेलवाल द्वारा शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि को कूटरचना कर राजस्व विभाग ने करवाया विक्रय, नगर निगम अधिकारी ने बिना स्थल जाँच दी भवन अनुज्ञा

राजनांदगाव (दावा)। शहर में नेशनल हाइवे पर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राजस्व दस्तावेजों से छेड़छाड़ व कूटरचना कर नेशनल हाइवे की भूमि को विक्रय करने एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बिना स्थल जाँच कर भवन अनुज्ञा देने का मामला प्रकाश में आया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है नेशनल हाइवे निर्माण के समय भुअर्जन की गई भूमि व प्रकरण की गंभीरता से जाँच की गई तो छत्तीसगढ़ में हुए भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार जैसे मामले सामने आ सकते है।

**नेशनल हाईवे द्वारा भू-अर्जित भूमि पर किसी का अधिकार नहीं साथ कोई भी उपयोग नहीं कर सकता**



### नेशनल हाइवे की भूमि के विषय में अनेक दंडात्मक प्रावधान व कानून निर्मित है

अवैध निर्माण की अनुमति देने वाले जिम्मेदार अधिकारी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 166 और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 26 के तहत कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, धारा 420 व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत भी कार्यवाही की जा सकती है।

### विस्तार से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 166

यह धारा लोक सेवक को कर्तव्य की अवज्ञा करने या गलत तरीके से कानून का उपयोग करने के लिए दंडित करती है। यदि कोई अधिकारी जानबूझकर या लापरवाही से राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर अवैध निर्माण की अनुमति देता है, तो उस पर इस धारा के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 26

यह धारा राजमार्ग की भूमि पर अवैध निर्माण को प्रतिबंधित करती है। यदि कोई अधिकारी इस धारा का उल्लंघन करते हुए अवैध निर्माण की अनुमति देता है, तो उस पर इस धारा के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988:

यदि अधिकारी ने अवैध निर्माण की अनुमति देने के लिए रिश्वत ली है या किसी अन्य प्रकार का भ्रष्टाचार किया है, तो उस पर इस अधिनियम के तहत भी कार्यवाही की जा सकती है।

### अन्य प्रासंगिक जानकारीः भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)

एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। यदि किसी अधिकारी ने एनएचएआई के नियमों का उल्लंघन किया है, तो एनएचएआई भी उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है।

राज्य सरकार भी राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में कुछ अधिकार रखती है और वह भी अपने स्तर पर कार्यवाही कर सकती है। राजस्व विभाग के तत्कालीन आर आई राजस्व विभाग के पटवारी ने उक्त भूमि जो कि नेशनल हाईवे ने अर्जित की है जिसकी राशि उक्त किसानों को दी जा चुकी थी उसके बाद उक्त भूमि के दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर नया दस्तावेज तैयार कर विक्रय कर मोटी रकम हड़प ली, जानकारी में ज्ञात हो रहा है जांच रिपोर्ट के बाद सम्बंधित विभाग के दोषियों पर कार्यवाही होना तय है। सर्वजनहित समिति द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों, जिन्होंने नेशनल हाईवे की संपत्ति से संबंधित राजस्व दस्तावेजों को कूटरचित कर विक्रय करवा भ्रष्टाचार किया है उनके विरुद्ध उपरोक्त धारा के अंतर्गत कार्यवाही एवं सभी दोषियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज की मांग की जाएगी।

# लीनेस क्लब की महिलाओं ने किया जागरूकता का संदेश-आस्था मुकबधिर शाला में बाटे सेनेटरी पैड



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में लीनेस क्लब की महिलाओं ने जागरूकता को एक नई दिशा देने का मार्ग अपनाया है जहां पर जागरूकता के लिए शिविर लगाये जाते है, सभी वर्ग को इकट्ठा किया जाता है, वहीं लीनेस क्बल ने सामान देकर जागरूकता को एक नई दिशा प्रदान कि है।

महिलाओं के जागरूकता को एक नई दिशा नई सोच और नई पहल के लिए लीनेस क्लब ने आस्था मुकबधिर शाला के बड़ी बच्चियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया। ये संदेश है, अपनी जागरूकता और सुरक्षा की जिसमें, सेनेटरी पैड के माध्यम से ये बताया गया कि आमतौर पर महिलाओं की बिमारी का कारण उनकी मासिक धर्म के प्रति जागरूक ना रहने की वजह से है, जिसमें उन्होंने सेनेटरी पैड का वितरण कर समाज में जागरूकता और मुकबधिर बच्चे जो परिवार से दूर रह रहे है, गांव-गांव से आये हुए इन बच्चों में अवेरनेस लाने के लिए सेनेटरी पैड खास कर महिलाओं के लिए कितना उपयोगी है किम समझाईश देते हुए और इसकी उपयोगिता बीमारी से बचने में कितनी कारगर सिद्ध होगी की समझाइश देते हुए अध्यक्ष उषा खंडेलवाल, सचिव टीना खंडेलवाल, एरिया आफिसर-निमिषा ठक्कर ने इस जागरूकता अभियान को मुकबधिर गांव के बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इस अभियान से लीनेस क्लब की पूरी टीम ने जिससे समाज में जागरूकता लाई जा सकें का कार्य किया। और उनके द्वारा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा, जिससे समाज में खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में उपयोग में लाया जा सकें।

# अनमोल दावा

> **किसी का खराब काम देखकर क्रोध आना मामूली बात है, लेकिन क्रोध के बजाय उसके लिए दुआ निकले यह महान आत्मा के लक्षण होते हैं।**

## प्राथमिकता में आए मानसिक स्वास्थ्य, समकालीन परिवेश में अधिकांश लोग मानसिक रूप से परेशान

सांसारिक सुख-भोग करना सबको प्रिय है। बाजार और विज्ञापन ने सुख को उपभोग से जोड़कर आग में घी डालने का काम किया है। अब हम अपनी 'सफलता' विकास और सुख अधिकाधिक उपभोग में देखने के आदी हो गए हैं परंतु उपभोग की वस्तुओं को एकत्र करते रहने के बावजूद हम तनाव चिंता दबाव अकेलापन व्यसन या लत असंतुष्टि कुंठा जैसी समस्याओं से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं।

स्वस्थ रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए, पर समकालीन परिवेश में अधिकांश लोगों के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा है। शारीरिक रोगों को तो आसानी से पहचान लिया जाता है, परंतु मानसिक रोगों की पहचान और इलाज के लिए विशेष प्रशिक्षण और अध्ययन की आवश्यकता होती है। मनोचिकित्सा को विषय के रूप में मेडिकल कालेजों में साइकियाट्री के अंतर्गत रखा जाता है। इसी से जुड़े विषय क्लिनिकल साइकोलाजी और काउंसिलिंग भी हैं, जो मनोविज्ञान विषय के अंग हैं। भारत में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं जनसंख्या की दृष्टि से बहुत कम और अपर्याप्त हैं।

क्लिनिकल साइकोलाजी के अध्ययन की कुछ चुनिंदा संस्थाएं हैं, जहां जरूरी और प्रामाणिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दृष्टि से एमए करने के बाद क्लिनिकल साइकोलाजी में एमफिल की एक प्रोफेशनल डिग्री का प्रविधान किया गया है। इसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और उपचार के लिए छात्रों को गहन सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके द्वारा मानसिक रोगियों के उपचार के लिए प्रशिक्षुओं को थेरेपी देने के लिए योग्य बनाया जाता है।

नई शिक्षा नीति में एमफिल की डिग्री को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके फलस्वरूप अन्य विषयों की तर्ज पर क्लिनिकल साइकोलोजी में भी एमफिल डिग्री को बंद करना होगा। इस एमफिल डिग्री की उपादेयता को अन्य विषयों में एमफिल के बराबर रख कर देखना घातक है। इसे बंद करने से मानसिक स्वास्थ्य की देख-रेख के लिए जो भी थोड़े बहुत मानव संसाधन तैयार हो रहे थे, वह क्रम रुक जाएगा। यह समाज के लिए बड़ा घातक होगा। सरकार इस पर पुनर्विचार करे।

मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियां भी होती हैं। इसी तरह शारीरिक रोग से मानसिक रुग्णता पैदा होती है। शरीर और मन को अलग रखना गलत है, क्योंकि स्वास्थ्य और बीमारी, दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं। आज बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि और गरीबी जैसी स्थितियां आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते कामकाज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं। स्मार्टफोन जैसे उपकरणों के नए-नए माडल शान-शौकत के प्रतीक बनते जा रहे हैं। ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है, जो मानसिक रोग का एक कारण बन रही है। वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता यानी एंग्जाइटी, फोबिया, बाई-पोलर डिसआर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके चलते लोग मादक द्रव्य, तंबाकू, मद्यपान और विभिन्न ड्रग्स का सेवन भी तेजी से कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपटें इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य का भयावह चित्रण कर रही हैं। प्रौढ़ जनसंख्या में एक तिहाई लोग अनिद्रा से ग्रस्त हैं। 1999 के बाद आत्महत्या के मामलों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में 2017 में हुए एक सर्वेक्षण में हर सात में से एक व्यक्ति को किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त पाया गया था।

आज अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक संसाधन बढ़ने से शरीर की आयु तो बढ़ गई, पर आदमी का मन कमजोर होने लगा है। अल्जाइमर और डिमेंशिया के रोग लोगों में तेजी से बढ़ रहे हैं। अवसाद, शराब की लत, बाई पोलर डिसआर्डर और सिजोफ्रेनिया आज एक महामारी के रूप में उभर रही है। स्थिति की भयावहता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अकेले उत्तरी अमेरिका में 2022 में 326 अरब डालर अवसाद के उपचार में खर्च हुआ था। वर्ष 2010 में यह खर्च 210.5 अरब डालर था। इस सदी के तीसरे दशक में वैश्विक स्तर पर 16 लाख करोड़ डालर मनोरोगों से जूझने पर खर्च करने होंगे।

सांसारिक सुख-भोग करना सबको प्रिय है। बाजार और विज्ञापन ने सुख को उपभोग से जोड़कर आग में घी डालने का काम किया है। अब हम अपनी 'सफलता', विकास और सुख अधिकाधिक उपभोग में देखने के आदी हो गए हैं, परंतु उपभोग की वस्तुओं को एकत्र करते रहने के बावजूद हम तनाव, चिंता, दबाव, अकेलापन, व्यसन या लत, असंतुष्टि, कुंठा जैसी समस्याओं से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। तो फिर स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी क्या है? इस सवाल के जबाव में समुचित आहार (भोजन), विहार (आचरण), निद्रा और चेष्टा (कार्य) को आवश्यक बताया गया है। पांच महाभूत-पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश ही तो हैं, जो हमें रचते हैं और रचना के बाद आकार पाकर हम भी उन्हें प्रभावित करते हैं। इनके साथ संगति और विसंगति से स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

हमारा शरीर साध्य भी है और मानसिक अस्तित्व का साधन भी। इसी तरह महात्मा बुद्ध अधिक और कम के बीच का मार्ग अपनाने को कहते हैं। लोक-व्यवहार में भी 'अति' वाला आचरण वर्जित माना जाता है। बड़े-बूढ़े अब भी संतुलित जीवन की हिदायत देते हैं। स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में बदलाव और रोग की स्थिति में उसकी उपेक्षा न कर उसका समाधान करना आवश्यक है।

# भारत के हथकरघा : विरासत बुन रहे हैं, भविष्य को सशक्त बना रहे हैं

पबित्रा मार्गेरिटा, केन्द्रीय वस्त्र राज्यमंत्री



हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस एक ऐसे क्षण का प्रतीक है जो भारत के अतीत को उसके भविष्य से धागे-दर-धागा, कहानी-दर-कहानी जोड़ता है। यह दिन 1905 के स्वदेशी आंदोलन का स्मरण कराता है, जब हाथ से बुना कपड़ा न केवल एक वस्त्र के रूप में, बल्कि प्रतिरोध, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त प्रतीक के रूप में उभरा। एक नई शुरुआत के रूप में प्रारंभ हुआ यह प्रतीक विरासत, कला और सामुदायिक अभिव्यक्ति के ताने-बाने में बदल गया।

हथकरघा क्षेत्र आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 72त्न महिलाएँ हैं। अपनी समृद्धि के कारण, यह क्षेत्र अब एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहाँ इसे बिना किसी कमी के नवाचार, बिना किसी अभाव के तकनीक और बिना किसी हाशिए के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

### एक स्थायी विरासत

भारत में हथकरघा बुनाई की समृद्ध विरासत हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी है। सहस्राब्दियों से, यह शिल्प फलता-फूलता रहा है और प्रत्येक क्षेत्र ने बुनाई, विशिष्ट तकनीकों, रूपांकनों और अर्थों का अपना तौर-तरीका विकसित किया है। असम के मुगा रेशम की सुनहरी चमक से लेकर प्रसिद्ध बनारसी रेशमी साड़ियों तक; कश्मीर की पश्मीना से लेकर तमिलनाडु की चमकदार कांजीवरम साड़ियों तक, भारत की हथकरघा परंपराएँ उतनी ही विविध हैं, जितने इसके लोग।

एक बुनकर के घर में, जहाँ करघा अक्सर रसोई या एक तरफ के ''आँगन'' के साथ जगह साझा करता है, प्रत्येक साड़ी या शॉल एक अनोखी कथा को संप्रेषित करने के लिए तैयार की जाती है। न्यूनतम तकनीक, लेकिन अधिकतम रचनात्मकता के साथ, बुनकर धागों को विरासत में बदल देते हैं। बिना सिले हुए कपड़े, जो भारतीय परिधानों के प्रतीक हैं, क्षेत्रीय अभिव्यक्ति, अनुष्ठानों और कहानी कहने के कैनवास बन गए हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, ÷हथकरघा भारत की विविधता और अनगिनत बुनकरों व कारीगरों की कुशलता को दर्शाता है।÷

### पूर्वोत्तर : अवसरों का एक करघा

देश के कुल हथकरघा श्रमिकों में से लगभग 52त्न पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवास करते हैंऔर 2019-20 की हथकरघा जनगणना के अनुसार, असम 12.83 लाख से अधिक बुनकरों और 12.46 लाख करघों के साथ देश में अग्रणी है। ÷असम का मैनचेस्टर÷ कहा जाने वाला सुआलकुची, पारंपरिक बुनाई उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि धेमाजी जिले में मचखोवा जैसे विकासशील केंद्र इस क्षेत्र को और बढ़ावा देते हैं। इसके सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए, पूर्वोत्तर के लिए सरकार का समर्पित मिशन आदिवासी बुनाई को बढ़ावा देने, हथकरघा पर्यटन को प्रोत्साहित करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। इस क्षेत्र को एक वैश्विक डिज़ाइन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जहाँ प्राकृतिक रेशे, प्राचीन ज्ञान और आधुनिक उद्यमिता का संगम होता है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत, पूर्वोत्तर राज्यों के 123 छोटे समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिवसागर में एक ब?ा हथकरघा समूह स्थापित किया गया है तथा इम्फाल पूर्व और सुआलकुची में ऐसी दो परियोजनाएँ चल रही हैं। इस क्षेत्र में लगभग 3.08 लाख बुनकरों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत सार्वभौमिक एवं किफायती सामाजिक सुरक्षा के लिए नामांकन कराया है, जिनमें असम के 1.09 लाख बुनकर शामिल हैं।





**आज 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर विशेष**

### पुनरुद्धार से पुनरुत्थान तक

पिछले 11 वर्षों में, वस्त्र मंत्रालय के कई विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये भारत के हथकरघा उद्योग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समूह विकास पहलों, आधुनिक उपकरणों और ऋण तक पहुँच ने बुनाई को घरेलू गतिविधियों से सूक्ष्म उद्यमों में बदलने में मदद की है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) ने सूत की आपूर्ति, करघा उन्नयन, कार्य शेड निर्माण से लेकर आधुनिक उपकरणों तक पहुँच प्रदान करके शुरू-से-अंत तक सहायता सुनिश्चित की है। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसी योजनाओं से अत्यंत आवश्यक वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा मिली है। बुनकरों की मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और अतिरिक्त राशि (मार्जिन मनी) सहायता ने कार्यशील पूंजी तक पहुँच का विस्तार किया है।

बुनकरों और उद्यमियों के लिए लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में हथकरघा पार्क स्थापित करने की योजना है। इन एकीकृत स्थानों में रंगाई इकाइयाँ, तुरंत शुरू करने योग्य (प्लग-एंड-प्ले) कार्यशालाएँ, डिजिटल प्रयोगशालाएँ, शोरूम तथा सौर ऊर्जा एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी सतत संरचनाएँ शामिल होंगी। साथ ही, निफ्ट, एनआईडी और अन्य डिज़ाइन संस्थानों के साथ साझेदारी में क्षेत्रीय स्तर पर डिज़ाइन और नवाचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ डिज़ाइनर और बुनकर बुनाई के पारंपरिक सार का सह-निर्माण, संरक्षण और दस्तावेज़ीकरण करेंगे, और सांस्कृतिक डिज़ाइनों का ऑनलाइन संग्रह तैयार करेंगे। ये अभिनव कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर भारतीय हथकरघा के सौंदर्य और व्यावसायिक आकर्षण, दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

तकनीक को अपनाना ज़रूरी है, लेकिन हथकरघा की आत्मा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। अब एआई का उपयोग रुझानों की भविष्यवाणी और डिजिटल रंग चयन के लिए किया जा रहा है, जबकि ब्लॉकचेन उत्पाद का पता लगाना सुनिश्चित करता है और जालसाजी का मुकाबला करते हुए इस क्षेत्र को नए डिजिटल युग में ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाता है।

### संयोजन की पुनर्कल्पना- ई-कॉमर्स और बाज़ार पहुँच

विपणन और ई-कॉमर्स गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेंगे। रणनीति सरल लेकिन क्रांतिकारी है- बिचौलियों को खत्म करना, प्रचार के माध्यम से उपस्थिति बढ़ाना और बुनकरों को प्रारंभ से ही मंचों, प्रदर्शनियों और बाज़ारों से सीधे जोड़ना। इसी क्रम में, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) से जोड़ा जा रहा है और indiahandmade.com एक पारदर्शी, शून्यकमीशन वाला मंच प्रदान कर रहा है, जो उचित पारिश्रमिक, वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की निःशुल्क व्यवस्था, आसान वापसी और सुरक्षित भुगतान विकल्प सुनिश्चित करता है।

इन प्रयासों के पूरक के रूप में, 106 हथकरघा उत्पादों को पहले ही भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किए जा चुके हैं, जो उनकी अनूठी क्षेत्रीय विरासत और शिल्प कौशल का सम्मान करते हैं। ''हथकरघा चिह्न'' और ''भारतीय हथकरघा ब्रांड'' के साथ, ये उपाय हाथ से बुने हुए उत्पादों की विशिष्ट पहचान को मज़बूत करते हैं, और खरीदारों को उनकी प्रामाणिकता, गुणवत्ता और पर्यावरण-अनुकूलता का आश्वासन देते हैं।

### कौशल, सुरक्षा और स्थायित्व

आने वाला कल समावेशी क्षमता निर्माण पर निर्भर करता है। विशेष रूप से पारंपरिक तकनीकों के संरक्षण की दृष्टि से युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़े गए हैं - जिनमें स्वास्थ्य बीमा, शैक्षिक छात्रवृत्ति और बुनकरों के लिए पेंशन लाभ शामिल हैं। साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल रंग, कार्बन उत्सर्जन न करने वाले उत्पादन मॉडल और जीवन-चक्र मूल्यांकन इस क्षेत्र की स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं, और भारतीय हथकरघा को वैश्विक हरित आंदोलन के साथ जोड़ते हैं। वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार की गई ''भारतीय हथकरघा क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन आकलनः विधियाँ और केस स्टडीज़'' शीर्षक वाली नई रिपोर्ट, एक संदर्भ और मार्गदर्शिका दोनों का काम करती है, जो भारत के लिए अधिक स्थायी संस्करण का मार्ग प्रशस्त करती है। पारंपरिक हथकरघा प्रथाओं में पर्यावरणीय चेतना को समाहित करके, यह अध्ययन सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति वस्त्र मंत्रालय की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हथकरघा मूल्य श्रृंखला न केवल जलवायु-सहनीय हो, बल्कि नैतिक उत्पादन, समान मजदूरी और सम्मानजनक आजीविका पर भी आधारित हो। जैसा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिकल्पना की है, ''आइए हम हथकरघा को अपने दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएँ और अपने पारंपरिक हथकरघा उत्पादों को वह दर्जा दें, जिसके वे हकदार हैं।''

## विचार सरिता

# सवाल-जवाबः माता पिता की घर में उपस्थिति बोझ नहीं, आशीर्वाद है



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने एक ऐसे जिज्ञासु का प्रश्न सामने रखा, जो काफी चिंतित और परेशान दिखाई दे रहा था। जिज्ञासु ने प्रश्न पूछना और आचार्य सत्यव्रत ने उत्तर देना आरंभ किया।

जिज्ञासु : मेरे माता-पिता वृद्धावस्था में हैं। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उनका स्वभाव अत्यंत चिढ़चिढ़ा हो गया है। उनके कारण घर का वातावरण अशांत हो गया है। इस समस्या का क्या समाधान है?

आचार्य सत्यव्रत : सर्वप्रथम तो इसे समस्या कहना बंद करें। यह कठिन स्थिति अवश्य है, किंतु इसे स्वीकार नहीं करने पर यह तुम्हें बोझ के समान लगता है।

जिज्ञासुः सैद्धांतिक रूप से तो ऐसा कह देना आसान है गुरुदेव, कि यह समस्या नहीं है। व्यवहार में जो कठिनाई होती है, वह हर व्यक्ति के समझ में नहीं आएगी।

आचार्य सत्यव्रतः मुझे एक बात बताओ, क्या तुम्हारे माता-पिता ने तुम्हारी शैशवावस्था में तुम्हारा पालन पोषण सही तरीके से नहीं किया था?

जिज्ञासुः किया था गुरुदेव ! जन्म के बाद जब मैं बिस्तर पर था और महीनों बाद जब मैंने चलना सीखा, तब तक माता-पिता ने मुझे नहलाने- धुलाने से लेकर मेरी देखरेख का हर काम किया। आगे भी मेरी परवरिश की।आचार्य सत्यव्रतः तो अब उनकी सेवा करने की बारी तुम्हारी है। समझो कि वे तुम्हारे शिशु और संतान जैसे हैं और तुम उनका पालन पोषण कर रहे हो। तुम्हें यह भाव अपने मन में रखना चाहिए।

जिज्ञासु : मैं तो संतानवत समझकर उनकी सेवा कर भी लेना चाहता हूँ लेकिन वे नहीं समझते। उनका आचरण तो बच्चों जैसा है, लेकिन अधिकारभाव और आदेश देना बड़ों जैसा है। उदाहरण के लिए वे दवा नहीं पीना चाहते हैं। मैं पिलाता हूँ तो मुझे डाँटने-फटकारने लगते हैं। अब मैं जोर जबरदस्ती नहीं कर सकता हूँ। उनका व्यवहार अप्रत्याशित और विचित्र हो गया है।

सत्यव्रतः वृद्धावस्था में अनेक व्यक्तियों के जीवन में बचपन का पुनरागमन होता है। माता-पिता की सेवा साधना है। याद रखें, वे ऐसे देव विग्रह हैं जो पाषाण खंड नहीं अपितु जाग्रत जीवंत है। आप उनके अकारण क्रोध और चिढ़चिढ़ापन पर भी प्रेमपूर्ण व्यवहार करें। माता-पिता की सेवा एक दायित्व भी है और पुण्यकार्य भी है। उनकी सेवा तुम्हारे धैर्य की परीक्षा है। उनका अव्यक्त आशीर्वाद भविष्य में तुम्हारे और तुम्हारे परिवार के लिए सर्वाधिक फलीभूत होगा।

(यहाँ-व्यक्त विचार सुझाव के रुप में हैं। हर परिस्थिति में हर व्यक्ति के लिए इनका समान रूप से लागू होनाआवश्यक नहीं है।)

### शब्द सामर्थ्य -132


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131 का हल



## सामायिक चर्चा


### महिलाएँ हिसाब से काम करती हैं

अखबार पढ़कर
बानी बोले ''आज की यह खबर,
पढ़ने लायक है गजाधर!
सुनिए, कनाडा युनिवर्सिटी आफ वाटरलू ने
10 पुरूष और 10 महिलाएँ पायलट पर
सीरियसली स्टडी की
और इस निष्कर्ष पर पहुँची
कि महिला पायलट दबाव की स्थिति में
पुरूष पायलटों से बेहतर
प्रदर्शन करती है।
युनिवर्सिटी आगे कहती है-
इमरजेन्सी जैसी स्थिति में
उन्होंने ज्यादा स्थिरता दिखाई
और मालूम गजाधर भाई!
महिलाओं ने फैसले तेजी से लिए
और कम गलतियां की।
तो गजाधर! अब इस पर...?''
गजाधर से पहले बोल उठे
गृहस्थ गिरधारी जी
आपने अच्छी खबर सुनाई बानी !
अभी तक मैं, पैसा अपने हाथ में रखता था।
और घर चलाने के लिए
खुद खर्च करता था।
अब से मैं सारा रूपया पैसा
ममता की माॅ को दे दूंगा।
वही बखूबी घर चलाएगी।''
और मैं निश्चिन्त रहूंगा।''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''तुमने एकदम ठीक सोचा गिरधारी!
इसीलिए तो उन्हे गृहणी कहा जाता है।
वह बड़े हिसाब से घर चलाती है,
और पुरूष बाजार से सामान लाता है।''




गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। आज आप परिवार के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज आप दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। आप नई स्किल सीखने का विचार कर सकते हैं।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है, जिससे आपको ओवर टाईम करना पड़ सकता है। आज आप रुपएङ्क्षपैसों के मामले में लापरवाही न करें और सारी चीजें अच्छे से चेक करें। आज टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस में आपको अच्छा लाभ होगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए खुशी से भरा रहेगा। आज आपको सरकारी कार्यों में सफलता मिलने से मन संतुष्ट होगा। आज आप बच्चों के साथ घूमने जा सकते हैं, जहां आप अच्छा समय बितायेंगे। आज आपको किसी नजदीकी व्यक्ति से बहुमूल्य उपहार मिलने से प्रसन्नता रहेगी। आज समाज में आपका नाम ऊंचा होगा, जिससे आपको खुशी प्राप्त होगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज प्राइवेट क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। आज आप घरवालों के साथ अच्छा समय बितायेंगे, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम समय पर पूरा हो जायेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से अच्छा लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते बेहतर बनेंगे। आज आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आज आपको अच्छा डाइट प्लान तैयार कर लेना चाहिए।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है, बिजनेस में आपको अच्छी डील मिलने वाली है। आज आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। आज मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आज आपको ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप बिजनेस में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज का दिन राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों के लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप बिजनेस को आगे ले जाने के लिए ऑफिस में चल रही जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप एकाग्र मन से काम करेंगे, जिससे आपका काम सही समय पर पूरा हो जायेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे होटल में डिनर करने जा सकते हैं। आज नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को अधिकारियों से मदद मिलेगी, जिससे काम का बोझ कम हो जायेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप घर खरीदने का विचार कर रहे हैं तो आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं, जिसे आप बहुत अच्छे से पूरा करेंगे। आज डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।




**मकर**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज बिजनेस में आपको अच्छा लाभ होगा, जिससे आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आपको पिता की सलाह से बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। आज आपको किसी जरूरतमंद की मदद करके खुशी मिलेगी।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नयी योजनाएं भी बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज आपका अधिकतम समय धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत होगा। आज आप अपने कार्यों को जितनी मेहनत और लगन से करेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा। आज बैंक में कार्यरत व्यक्ति अपना काम समय से निपटा लेंगे। आज सामाजिक कार्यों में आपका योगदान बना रहेगा, जिससे आपकी समाज में पहचान बढ़ेगी। आज आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा।

## कविता

### चंदन चाचा के बाड़े में

सूरज के आते भोर हुआ,
है बादल भी घनघोर हुआ।
इक नागिन बात मुझे बोली,
मन तेरा भी है चोर हुआ।
मैं बैठी झाड़ के आड़े में
चंदन चाचा के बाड़े में।।
मुझे देखन को दुनिया धाई,
है शुरू हुई आवा जाई।
चल निकले यहां से दोनों ही,
आवाज है खतरे की आई।
हम घूमेंगे इक गाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।।
तुम गौर सलौने रंग लिए,
हो घूमे मुझको संग लिए।
पर जहर मेरा भी उछला है,
आई डसने का ढंग लिए।
रहना ना छेड़े-छाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।।
है भरी भुजा में भरे वक्ष,
हूं प्रेम का तुझसे लिए लक्ष।
पर रहना तुम मर्यादा में,
मैं डसने में भी बड़ी दक्ष।
आगे सोचेंगे जाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।
तुम चाहे तो ठोको तालें
हुंकार भरो खा-खा दालें।
है पहलवानियों से मतलब,
दो चार हड्डियां तुड़वा ले।
तब रहना बंद पिटाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।।

- तजिंदर सिंह भाटिया
डोंगरगढ़, राजनांदगांव

# नाला की संपूर्ण भूमि पर अतिक्रमण के चलते ठाकुरटोला स्थित 16 लाख की पुलिया हुई धराशाई

**नीरज शर्मा (बेलगांव)**

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। गत दिनों हुई अत्यधिक वर्षा के चलते ग्राम कोलेंद्रा- ठाकुरटोला मार्ग पर स्थित 16 लाख की लागत से नवनिर्मित पुल के धराशाई होने का मामला प्रकाश में आया है। पानी का बहाव ईतना अधिक था कि ग्राम कोलेंद्रा के अनेक घरों में पानी घुस गया और अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि जिस नाला के ऊपर पुल का निर्माण किया गया था उस नाला की संपूर्ण भूमि पर किसानों ने अतिक्रमण कर लिया है। कोई ईट भट्टे का व्यवसाय कर रहा है,तो कोई किसानी तो कोई सब्जी का व्यवसाय कर रहा है। पानी निकासी के मुख्य मार्ग को बाधित करने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

किसानों ने बताया कि, इसी मार्ग पर बने स्टॉप डैम के गेट से संपूर्ण पानी की निकासी नहीं हो पाने के कारण भी यह स्थिति निर्मित हुई है। जो भविष्य के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। दोबारा ऐसे ही बारिश हुई तो फसल के साथ-साथ पुनः मकानों को क्षति पहुंचाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बारिश थमने के बाद जिम्मेदार विभाग द्वारा उचित पहल नहीं करने के चलते ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। पुल के टूटने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिसके लिए उचित प्रयास प्रशासन की ओर से नहीं किया जा रहा है। निग्गों बांध और डंगोरा डेम का उलट का पानी इसी नाला से होकर गुजरता है। इतनी अधिक मात्रा में पानी के निकासी के लिए नाला की भूमि में अतिक्रमण के चलते पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण भविष्य में इसका भयावह रूप देखने को मिल सकता है।



**अत्यधिक बारिश के चलते कोलेंद्रा ग्राम के अनेक घरों में घुसा था पानी, अनेक किसानों की फसल हुई चौपट**

### नाला की भूमि पर हुए अतिक्रमण व अवैध रूप से संचालित ईट भट्टे के कारण पानी निकासी बाधित - कांग्रेस नेता राजू वर्मा

बेलगांव जनपद क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू लाल वर्मा ने बताया कि ठाकुरटोला के पूर्व सरपंच द्वारा नाला की भूमि पर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से ईट भट्टे का बिजनेस किया जा रहा है। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल द्वारा किसानों की परेशानी को देखते हुए सुगम आवागमन हेतु 16 लाख रुपए पुलिया निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। पुल के टूट जाने से आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया है। सैकड़ो किसानों को आवागमन हेतु परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

### अत्यधिक वर्षा एवं स्टाफ डैम का गेट बंद होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त हुआ - इंजीनियर गरिमा चौहान

कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा इंजीनियर गरिमा चौहान के मार्गदर्शन में पुल का निर्माण किया गया था।ग्राम पंचायत ठाकुर टोला की सरपंच दिनी बाई हेम कुमार साहू एवं इंजीनियर गरिमा चौहान का मानना है कि अत्यधिक वर्षा तथा नाला की भूमि पर किए गए अवैध अधिकरण के चलते यह स्थिति निर्मित हुई है।

# शहीद युगल किशोर वर्मा, कृष लाल एवं सुखुराम नेताम के आठवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



राजनांदगांव(दावा)। थाना गातापार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, तत्कालीन जिला राजनांदगांव के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम भावे के घोडापाठ पहाडी जंगल में नक्सलियों से लोह लेते हुये शहीद हुए उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, शहीद आरक्षक कृष लाल साहू अपने प्राणों की आहूति दी थी। उन शहीदों को पुलिस रक्षित केंद्र में आयोजन कर शहीदों के परिजनों के साथ पुलिस द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

बताया जाता है कि आज के ही दिन 6 अगस्त 2017 को माओवादी नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। सर्चिंग करते पुलिस पार्टी भावे के आगे घोड़ापाठ जंगल की ओर बढ़ रहे थे कि घोड़ापाठ जंगल के ऊपर भावे से 03 किमी दूरी पर पुलिस पार्टी को देखकर करीबन 13:30 बजे नक्सलियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एक राय होकर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी वितरणशुदा आर्म्स एम्युनेशन से आत्मरक्षार्थ पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। इस दौरान बहादूरी से लड़ रहे उनि युगल किशोर वर्मा एवं आरक्षक कृषलाल साहू द्वारा अपने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए।

### रक्षित केंद्र में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

इसी तरह 3 फरवरी 2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में 34-35 की संख्या में सशस्त्र वर्दीधारी महिला पुरूष माओवादी नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर जान से मारने की नीयत से आटोमैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा भी चारो तरफ से घेराबंदी कर आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायर करते हुये आगे बढ़ने लगे। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सहायक आरक्षक क्र-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये।

इस अवसर पर शहीद स्मारक रक्षित केंद्र में शहीद परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक रमेश साहू, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर व नक्सल सेल/रक्षित केंद्र एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पहला कॉलम...

### आज छीरपानी में शिवलिंग रुद्राभिषेक




डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ के मां बमलेश्वरी के पावन धरा छिरपानी प्रांगण में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन अवसर पर गृह दोष, कालसर्प, निवारण दोष, गृह क्लेश, विवाह बाधा एवं समस्त कष्ट निवारण हेतु 108 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजा अर्चना 7 अगस्त दिन गुरुवार को छिरपानी प्रांगण डोंगरगढ़ में भागवताचार्य रामखिलावन दुबे, प्रवचनकर्ता आचार्य पंडित तरुण शास्त्री (नांगतराई वाले) के द्वारा विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों ने अंचल के धर्म अनुरागी भाईयों एवं बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।


### ट्यूटर शिक्षकों को नहीं मिला तीन माह का मानदेय



**भुगतान की राह तकते शिक्षक**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी अंतर्गत संचालित एकल शिक्षकीय शालाओं में कार्यरत ट्यूटर शिक्षकों को फरवरी, मार्च एवं अप्रैल 2024 माह का मानदेय अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। लगातार तीन माह से लंबित मानदेय के चलते इन शिक्षकों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्र 2024-25 में इन ट्यूटर शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से सेवाएं दी जा रही हैं, फिर भी मानदेय भुगतान में अनावश्यक विलंब हो रहा है। इससे न केवल उनकी रोजमर्रा की आवश्यकताएं प्रभावित हो रही हैं, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है। ट्यूटर शिक्षकों ने अपनी पीड़ा को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए हैं। इस विषय में उन्होंने कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन एवं निवेदन सौंपे हैं। शिक्षकों का कहना है कि कई बार ध्यान आकृष्ट करवाने के बावजूद आज दिनांक तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। शिक्षकों ने पुनः जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान किया जाए, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें और अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस संवेदनशील मामले में कब तक संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाता है।

### बिजली बिल हाफ योजना में कटौती कर महतारी वंदन योजना का पैसा वसूल रही भाजपा सरकार-चुम्मन साहू



छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 रुपये देकर सरकार वही पैसा बिजली बिल और महंगाई के जरिए वापस ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट दी थी, जिससे लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली। लेकिन भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर कर केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है और बिजली दरों में भी वृद्धि कर दी है। भाजपा ने महिलाओं को 1000 रुपये की सौगात नहीं दी, बल्कि उनके हक की छूट छीन ली और अब बिजली बिल में वह पैसा वसूल रही है, चुम्मन साहू ने कहा 500 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा अधूरा महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अभी तक पूरा नहीं हुआ। उल्टा रसोई गैस की कीमतों और बिजली दरों में बढ़ोतरी से महिलाओं की जेब और घर के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

#### कांग्रेस सरकार ने राहत दी, भाजपा ने छीनी

चुम्मन साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि उन्हें निभाया और जनता को सीधी राहत दी। भाजपा सरकार ने आते ही इन जनहित योजनाओं को समाप्त या सीमित कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता के साथ हुए इस धोखे को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़कों से लेकर सदन तक इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

# खाद के लिए किसानों का चक्काजाम, ढ़ाई सौ रुपए की खाद 1000 रूपए में खरीदने मजबूर हुए किसान

डोंगरगढ़(दावा)। सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को ढाई सौ रुपए का खाद 1000 रुपए में खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति किसानी कार्य के प्रारंभ होने के पूर्व से निर्मित है। गरीब किसान सोसाइटी से खाद लेने के लिए रात भर लाइन लाइन लगाने मजबूर है, ताकि उनका नंबर पहले आ सके और उन्हें कम दर पर खाद उपलब्ध हो सके। बुधवार को सैकड़ों की संख्या में किसान ढारा स्थित सोसायटी में खाद लेने पहुंचे थे। खाद नहीं मिलने पर किसानों का हुजूम सीधे ढारा स्थित मुख्य मार्ग की ओर उमड़ पड़ा। जिसके कारण लगभग 3 घंटे तक चक्काजाम की स्थिति बनी रही।

जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइए दी गई और आश्वासन दिया गया कि कल से खाद उपलब्ध हो जाएगा। मामला डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढारा का है। जहां डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में किसानों ने खाद की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर लगभग 2 घंटे चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। जिसे देखते हुए मौके पर पुलिस अमला समेत सहकारी समिति के जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे और किसानों को हो रहे खाद समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों द्वारा चक्का जाम समाप्त किया गया।



**○ सोसाइटी में खाद नहीं मिलने पर सीधे ढारा मार्ग पर चक्काजाम करने किसानों का हुजूम उमड़ा**
**○ कल से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगा - प्रबंधक जिला सहकारी बैंक शाखा डोंगरगढ़**

### व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तिगुनी दर पर आसानी से उपलब्ध हो रहा है खाद - प्रदर्शनकारी किसान

प्रदर्शनकारी किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। हर व्यापारिक प्रतिष्ठान के गोदाम में खाद का भंडार हैं। उनके यहां तिगुनी दर पर आसानी से खाद उपलब्ध हो रहा है। जो किसान ऊंचे दर पर खाद खरीदने की स्थिति में नहीं है वे किसान सोसाइटी के भरोसे कृषि कार्य कर रहे हैं।

### कल से किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ के प्रबंधक योगेंद्र शर्मा ने किसानों को आश्वासन दिया है कि कल से सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगा।

# धोखाधड़ी के शिकार हुए 52 खाताधारकों में से एक की मृत्यु हृदयघात से



डोंगरगढ़ (दावा)। एक्सिस बैंक के कर्मचारी द्वारा बैंक के खाताधारको से की गई धोखाधड़ी के कारण पीड़ित खाताधारक परेशानी में जीवन यापन करने मजबूर हो गए हैं। शिकायतकर्ता 52 खाताधारकों में से एक खाताधारक शहर के पूर्व पार्षद अयूब खान की मृत्यु हृदय घात के कारण होने की जानकारी प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय अयूब खान ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान के नाम से लाखों रुपए का लोन स्वीकृत कराया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय अयूब खान कुछ दिनों से लोन में हुई गड़बड़ी को लेकर परेशान थे। इस घटना से धोखाधड़ी के शिकार खाता धारकों के परिजन दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। एक्सिस बैंक के कर्मचारी द्वारा अपने ही खाताधारकों से की गई धोखाधड़ी में शिकायत करने वालों की संख्या 52 तक पहुंच गई है। धोखाधड़ी के शिकार ऐसे अनेक खाता धारक भी है जो इनकम टैक्स बचाने के चक्कर में कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। बैंक के इन्वेस्टिगेशन अधिकारी राजू ने तो स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बैंक आरोपी से राशि वसूल कर ग्राहकों को वापस करेगी।

**मामला - शहर स्थित एक्सिस बैंक के कर्मचारी द्वारा खाताधारकों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का**

# भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया के विरोध में आज जिला स्तरीय पुतला दहन




खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा समाप्त किए जाने के विरोध में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरूवार 07 अगस्त को इतवारी बाजार शीतला मंदिर के पास दोपहर 3 बजे पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सभी नवनियुक्त मंडल, सेक्टर अध्यक्षगण, विधायक/पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल के समस्त पदाधिकारी, कांग्रेस के समस्त मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सदस्य/जनपद सदस्य, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, पूर्व एल्डरमैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्यगण, कांग्रेस समर्थित सरपंच व पंचगण, सोशल मीडिया टीम सहित सभी समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थकगण उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, मिहिर झा, जिला महामंत्री संगठन एवं प्रशासन, रामकुमार पटेल अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस छुईखदान, आकाशदीप सिंह 'गोल्डी' अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस खैरागढ़ ग्रामीण, भीखम चंद छाजेड़ अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस खैरागढ़ शहर, भिज्ञेश यादव अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस गंडई, कोमल साहू अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस मुढ़ीपार, दिनेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष, साल्हेवारा ने सभी कांग्रेसियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### स्वच्छता के संग थीम के पर जनपद पंचायत डोंगरगांव में निकाली गई तिरंगा रैली

डोंगरगांव (दावा)। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत जनपद पंचायत डोंगरगांव में देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी शामिल हुए। तिरंगा रैली जनपद पंचायत डोंगरगांव परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम कोहका पहुंची तथा ग्राम कोहका से ग्रामीण आदिवासी अंचल के ग्राम कोकपुर तक तिरंगा बाइक रैली निकाली गई।

# रासायनिक उर्वरक के अवैध परिवहन पर हुई कृषि विभाग की कार्यवाही






अम्बागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा जिले के किसानों की उचित मूल्य में खाद उपलब्ध करने एवं अवैध खाद परिवहन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में ग्राम आमाटोला में कृषि विभाग द्वारा 28 बैग अवैध रासायनिक खाद परिवहन पर कार्रवाई कर जप्त की गई।

ग्रामीणों की सूचना पर कृषि विभाग द्वारा ग्राम आमाटोला में तीन पहिया वाहन की जांच की गई, जिसमें 28 बैग अवैध खाद परिवहन करते पाया गया। जिसमें 5 बैग यूरिया, 6 बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 17 बैग डीएपी शामिल हैं। इस दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, आमाटोला के कर्मचारी से पूछताछ की गई। उक्त कर्मचारी ने बताया कि यह उर्वरक समिति के सहायक प्रबंधक गंगाराम साहू द्वारा कृषक बीरधन एवं अन्य के नाम पर परमिट काटकर भेजा गया था। उर्वरकों को सहायक समिति प्रबंधक के घर पहुंचाया जाना था, जिसके लिए वाहन सुबह रवाना किया गया था।

कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अम्बागढ़ चौकी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी, समिति सदस्य एवं स्थानीय कृषक उपस्थित रहे। मामले के मुख्य आरोपी सहायक समिति प्रबंधक गंगाराम साहू मौके पर अनुपस्थित पाए गए, जिससे उनका बयान नहीं लिया जा सका। कृषि विभाग ने उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में प्रस्तुत किया है।

**ग्राम आमाटोला में 28 बैग रासायनिक उर्वरक हुआ जब्त**

# अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को भेजा जाएगा

डोंगरगढ़(दावा)। सीएचएमओं डॉ.नेतराम नवरत्न द्वारा शहर के बुधवारी पारा स्थित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया। इसके पूर्व भाजपा नेताओं ने प्रदेश भाजपा महामंत्री राम जी भारती एवं पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के नेतृत्व में, जिलें के प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से डोंगरगढ़ शहर की स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की थी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, सुनील जैन, शशिकांत द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, प्रकाश चौरड़िया, अमित जैन सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**○ ओपीडी जल्द शुरु करने की कवायत तेज**
**○ उप मुख्यमंत्री मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर सीएचएमओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने किया निरीक्षण**



भाजपा नेताओं की मांग पर शहरवासियों की भावना के अनुरूप प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने सीएचएमओं को निर्देशित कर अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनें के निर्देश दिए थे। बुधवार को सीएचएमओं डॉ. नेतराम नवरत्न सहित स्वास्थ्य विभाग के अफसरों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पुरानी बिल्डिंग का अवलोकन करते हुए रिपोर्ट तैयार किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, महामंत्री विनय बंसल व विनीत यादव, बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव, डॉ. सम्राट जैन, जिला मितानिन नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, बीपीएम मुक्ता कुजूर, डॉ. राजेश राउतकर, पालिका के पार्षदगण, पालिका के इंजीनियर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग जर्जर अवस्था में

वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली स्थित सर्व सुविधा युक्त नवीन भवन से संचालित हो रहा है। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है। जिसे मरम्मत की आवश्यकता है। शहर वासियों के लिए नए अस्पताल की दूरी अधिक होने की वजह से लोगों को ओपीडी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैदल आवाजाही संभव नहीं हो पाती। इसलिए पुरानी बिल्डिंग में ओपीडी शुरु करने की मांग काफी समय से शहर के लोगों द्वारा की जा रही थी।

# किशोर दा का जन्मदिन पर सदाबहार गीतों की प्रस्तुति



छुईखदान (दावा)। न्यू म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप छुईखदान द्वारा किशोर दा के जन्मदिन चार अगस्त 2025 सोमवार को भव्य आयोजन में केक काटकर सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि लाल जे.के. वैष्णव ने गीत संगीत का जीवन से अटूट संबंध पर अपने विचार रखते हुए कहा कि गीत संगीत बिना जीवन अधुरा है। मधुर गीत संगीत हमें तनाव मुक्त कर सकारात्मक सोच, उर्जा एवं मन को प्रसन्नता से भर देता है। किशोर दा के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देने में डी के नामदेव, राजकुमार वैष्णव, उदय चंदेल, सचिन महोबिया, कमलेश यादव, महेश वैष्णव, नीलेश सिंह नानुक सहित प्रेमकिशन राधे, डॉ. भद्र, दिलीप वैष्णव, आलोक बक्शी, लल्ला जितेन्द्र किशोर वैष्णव, दीपक वैष्णव, बिट्टी बन्नो नामदेव, ज्योति, रानी सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे। किशोर कुमार के सदाबहार गीत पल भर के लिए मुझे कोई प्यार कर ले, भोले ओ भोले, चला जाता हूं किसी की धुन में, तेरे जैसे यार कहां, जिन्दगी का सफर है ये कैसा सफ़र, एक लड़की भीगी भागी सी, मुसाफिर हूं यारों आदि बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति से श्रोता गण मंत्रमुग्ध हो गए।

## सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ, साइबर क्राइम रहा प्रथम दिवस का मुख्य विषय




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नेहरू डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पी एम उषा) अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के आपसी सहयोग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन का आरंभ किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस का मुख्य विषय महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा निर्धारित किया गया, जो आज के डिजिटल युग में अत्यंत प्रासंगिक और जागरूकता का प्रमुख माध्यम है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित प्रयोग और जागरूकता के प्रति प्रेरित किया तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हितेंद्र कोसले, परामर्शदाता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डोंगरगढ़ उपस्थित रहे। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते इंटरनेट आधारित अपराधों, जैसे-साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फेक प्रोफाइल, डेटा चोरी आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों जैसे मजबूत पासवर्ड का प्रयोग, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना जैसे उपायों पर भी प्रकाश डाला।

**छात्र-छात्राओं में डिजिटल जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल**

कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्वेश बांधव और गौरव तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में आइक्यूएसी प्रभारी एवं पीएम-उषा समन्वयक डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और विषयवस्तु पर गंभीरता से चर्चा की। यह कार्यशाला छात्राओं में डिजिटल जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है, जो आने वाले दिनों में भी विभिन्न समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहेगी।

## थैलीटोला में सीसी रोड का भूमिपूजन



बांधाबाजार (दावा)। आज विकासखंड अंबागढ़ चौकी के बांधाबाजार जनपद सदस्य क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम थैलीटोला में विधिविधान से विधिवत तरीके से सी सी रोड का भूमि पूजन किया गया। इसके निर्माण कार्य हेतु 1.50लाख जनपद निधि से स्वीकृती किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच योगेश कोड़पे, उपसरपंच धरम पटवा भागचंद सिन्हा, संतराम सेन समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सुई-धागे से आत्मनिर्भरता की राह बुनती दुरपति साहू



राजनांदगांव (दावा)। छोटे-छोटे कदम अगर सही दिशा में उठाए जाएं, तो वो किसी की जिंदगी ही नहीं पूरे समाज की तस्वीर बदल सकते हैं। गांव की एक साधारण महिला दुरपति साहू ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया। बिना किसी शोर-शराबे के अपने काम से औरों को काम देने का बीड़ा उठाया। आत्मनिर्भर बनने की राह पर चलते हुए उन्होंने न सिर्फ खुद को काबिल बनाया। बल्कि कई और महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा। उनमें से कुछ महिलाएं दिव्यांग भी हैं।

जिले के एक छोटे से गांव जोरातराई की रहने वाली दुरपति साहू ने अपने हुनर से एक नई राह बनाई। उन्होंने स्वयं सिलाई सीखी और फिर तिलई गांव में सिमरन लेडीज टेलर्स नाम से अपनी शाप खोली। इसके जरिए उन्होंने न सिर्फ अपना घर चलाया। बल्कि गांव की कई महिलाओं को प्रशिक्षण भी देना शुरू किया। उनका कहना है जब सबका घर चलेगा, तभी मैं असली कमाई कर पाऊँगी।

गौरतलब है कि इस सेंटर में महिलाएं कपड़े सिलना, डिजाइनिंग करना और ग्राहक से व्यवहार तक सीखती हैं। दुरपति उन्हें हर काम सिखाने में मदद करती हैं ताकि वे कहीं भी जाकर काम कर सकें या अपना छोटा कारोबार शुरू कर सकें। दिव्यांग महिलाओं को उन्होंने विशेष प्राथमिकता दी है, ताकि उन्हें भी समाज में सम्मान के साथ जीने का मौका मिल सके। दुरपति की सोच हमेशा से साफ रही सबको साथ लेकर चलना। उनके अनुसार अकेले सफलता का कोई मतलब नहीं जब तक कि वो दूसरों को भी ऊपर उठाने में मदद न करे। उनकी दुकान से अब तक करीब 25 महिलाएं प्रशिक्षण लेकर खुद का काम शुरू कर चुकी हैं। इनमें से कुछ आज अपने अपने गांव में अपना टेलरिंग शॉप चला रही हैं। दुरपति साहू की जिंदगी से सीख मिलती है कि बड़े बदलाव के लिए साधनों की ज़रूरत नहीं होती। बस एक सच्चा इरादा और थोड़ी मेहनत चाहिए। गांव की गली से शुरू हुई उनकी यह यात्रा अब कई महिलाओं के जीवन में रोशनी बन चुकी है। सचमुच अगर नीयत नेक हो और इरादे मजबूत तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ी उड़ान बन जाते हैं।

## स्तनपान अर्थात अमृतपान- डॉ. नेतराम नवरत्न



डोंगरगढ़ (दावा)। वैश्विक अभियान के तहत विश्व स्तनपान दिवस, आरोग्य मंदिर ढारा में मनाया गया। सीएमएचओ राजनंदगांव डॉ. नेतराम नवरत्न ने समस्त विकासखंडों को विस्तृत जानकारी एवं दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि स्तनपान अर्थात अमृतपान है। जिसमें डिलीवरी प्वाइंट, पोषण पुनर्वास केंद्र, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, समस्त मितानिन को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ बृहद योजना बनाकर इस स्तनपान दिवस को शिशु एवं मातृत्व सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं कुपोषण की दिशा में निर्देशित किया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में आरोग्य मंदिर ढारा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम की उपस्थिति में सहायक जिला नोडल अधिकारी मितानिन कार्यक्रम द्वारा स्तनपान दिवस के शुभ अवसर पर हितग्राहियों स्तनपान के महत्व को बताया। श्रीवास्तव जी कहा कि मां के दूध में पोषक तत्व, एंटीबायोटिक, डायरिया, निमोनिया, मानसिक बीमारी एवं अन्य रोगों से बचाव के लिए मां का दूध 6 माह तक पिलाया जाना अति आवश्यक है, 6 माह के पश्चात मातृत्व दूध के साथ-साथ संपूरक आहार भी पोषक तत्व के रूप में देना चाहिए, इसके अतिरिक्त माता के स्वास्थ्य की चिंता एवं पौष्टिक भोजन देना अनिवार्य बताया, 2 वर्ष तक के शिशु को मां का दूध पिलाया जा सकता है, कार्यक्रम के इस अवसर पर श्रीमती सरिता खंडेलवाल, झनक लाल कुंजाम, श्रीमती रिगेश्वरी साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गुणवंता टांडेकर, अंजू कोरे, गिरजा वैष्णव, अनसूया यादव, मितानिन कौशल्या सेन,मनीषा वासनिक, सरोज जंघेल, अमरिका मरकाम, पुष्पा मानिकपुरी, शिशुवती माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा का आयोजन



गंडई (दावा)। स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत् नियमित विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा का आयोजन हुआ।

परिचर्चा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधान गत् वर्ष से छग उच्च शिक्षा विभाग में लागू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न प्रावधानों से छात्र-छात्राओं एवं पालको को अवगत कराने तथा उनके शंकाओं का निराकरण करने के लिए प्राध्यापकों को निर्देशित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के एन.ए.पी. प्रभारी श्री टी.एल.वर्मा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को कोर सब्जेक्ट, जेनेरिक इलेक्टिव, वैल्यू एडेड, स्किल इन्हेन्समेंट एवं आंतरिक मूल्यांकन व असाइनमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## शासकीय मुद्रणालय के वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव सेवानिवृत्त, साथियों ने दी स्नेहिल विदाई





राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 31 जुलाई को सेवानिवृत्ति पर स्नेहिल विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुद्रणालय के सभी कर्मचारियों ने पारंपरिक रूप से उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग संभाग के अध्यक्ष एवं जिला राजनांदगांव शाखा के सचिव तथा मुद्रणालय के जिला संयोजक आनंदकुमार श्रीवास्तव ने जयशंकर श्रीवास्तव के सेवाकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सहयोगपूर्ण व्यवहार और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्य लिपिक श्रीमती अनिता राऊत ने सेवानिवृत्त श्रीवास्तव को गुलाल से तिलक कर शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही, कर्मचारियों की ओर से उन्हें यात्री बैग, स्टील की पानी टंकी, दीवार घडी, स्मृति चिह्न और अभिनंदन पत्र सहित उपहार भेंट किए गए। मुद्रणालय के सहायक संचालक नकुल ध्रुव ने भी व्यक्तिगत रूप से उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में श्रीवास्तव के समर्पित सेवाभाव, सौम्य स्वभाव और सहयोगी प्रवृत्ति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार श्रीवास्तव ने किया और सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। समारोह का वातावरण भावुक और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा, जहां सहकर्मियों ने जयशंकर श्रीवास्तव को उनकी स्मृतियों के साथ स्नेहिल विदाई दी।

## आलीवारा में संपन्न हुआ जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास महोत्सव





डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीरामचरितमानस और हिंदू जागरण के उद्देश्य से श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने इस साल भी गोस्वामी तुलसीदास जी का अवतरण महोत्सव आयोजित किया। राजनांदगांव जिला इकाई और डोंगरगढ़ विकासखंड इकाई द्वारा यह संयुक्त आयोजन विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस में 2 और 3 अगस्त को संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम का शुभारंभ और अतिथि

जिला अध्यक्ष पोषण शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और मानस ध्वजा का ध्वजारोहण कर किया गया। इस भव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथावाचक पंडित युवराज पांडेय (अमलीपदर, उड़ीसा), विधायक दलेश्वर साहू, प्रांतीय संरक्षक गोपाल राम वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

दो दिवसीय इस आयोजन में जिले की विभिन्न मानस मंडलियों और प्रवक्ताओं ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रथम दिवस : जय मां परमेश्वरी महिला मानस मंडली (मेंढ़ा), श्री तुलसी मानस मंडली (रातापायली), नवदुर्गा मानस प्रचार समिति (आमगांव) और गजानन मानस मंडली (आरी कोनारी) ने प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा, मानस प्रवक्ता शंकर साहू (मुसरा), तामेश्वर साहू (कबीरमठनादिया), डॉ. जामवंत साहू (छुरिया) और पंडवानी कलाकार श्रीमती तरुणा साहू (राजनांदगांव) ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस : श्री गणेश मानस परिवार (चिद्दों, डोंगरगढ़), स्वरधारा मानस परिवार (तुलसीपुर, राजनांदगांव), प्रतिभा बालिका मानस मंडली (पुर्रामटोला) और सरस्वती कला निकेतन मानस मंडली (भेड़ीकला) ने प्रस्तुति दी। मानस प्रवक्ताओं में गुवालचंद सिन्हा, चिंताहरन पटेल, सुखदेव ठाकुर, गुमान साहू और पंडित युवराज पांडेय शामिल थे। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने सभी मानस व्याख्याकारों और प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों को श्रीराम का मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

### आयोजन में सहयोग

जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष पोषण शुक्ला, कुलबीर छाबड़ा, सुभाष यादव और अन्य पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र साहू, दीपचंद डड़सेना, ग्वाला प्रसाद यादव और मोरध्वज साहू ने किया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल जुलाई माह में टिकट जांच एवं वाणिज्यिक आय में उल्लेखनीय उपलब्धि



**कुल 28,141 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 1.21 करोड़ रूपये का राजस्व दंड स्वरूप प्राप्त हुआ**

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में जुलाई 2025 के दौरान वाणिज्य विभाग के अधिकारियों, टिकट चेकिंग स्टाफ एवं पर्यवेक्षकों द्वारा सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट, अनियमित टिकट तथा बिना बुक माल के साथ यात्रा करने वाले कुल 28,141 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रूपये 1.21 करोड़ का राजस्व दंड स्वरूप प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, धूम्रपान के 122 मामलों से रूपये 24,400 तथा रेल परिसरों में गंदगी फैलाने के 689 मामलों से रूपये 71,880 की आय हुई। माल लदान के क्षेत्र में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

जुलाई माह में 1.66 मिलियन टन माल की ढुलाई की गई, जिससे रूपये 137.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। यह वर्ष दर वर्ष माल ढुलाई में 26.72 प्रतिशत एवं राजस्व में 24.30 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति यात्रियों की रुचि में वृद्धि के चलते यूटीएस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग से रूपये 1.47 करोड़ की आय अर्जित हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26.71 प्रतिशत अधिक है। गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के अंतर्गत मंडल ने जुलाई माह में रूपये 20.06 लाख की आय अर्जित की, जिसमें पार्किंग से रूपये 34.68 लाख एवं खानपान सेवाओं से रूपये 5.70 लाख का योगदान रहा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल यात्रा के दौरान नियमों का पालन करें, स्वच्छता बनाए रखें, और डिजिटल भुगतान को अपनाकर सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**अमेरिका को रास नहीं आई भारत-रूस....**

उन्हें विशेष दर्जा देना होगा. राष्ट्रपति ट्रंप ने इस आदेश में यह भी कहा है कि यदि कोई और देश रूस से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदता पाया गया, तो उस पर भी इसी तरह के टैरिफ या प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जाएंगे. वाणिज्य मंत्री इस संबंध में जांच करेंगे और विदेश मंत्री की सलाह पर राष्टपति को आगे की कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी. यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका के इस आदेश के विरोध में प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करता है, तो राष्टपति इस आदेश में बदलाव कर सकते हैं. इसी तरह, यदि रूस अपने रवैये में बदलाव लाकर अमेरिका की विदेश नीति और सुरक्षा के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस टैरिफ को हटाने या कम करने पर भी विचार किया जा सकता है. आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि रूसी तेल का मतलब सिर्फ रूस से निर्यात किया गया तेल नहीं है, बल्कि ऐसा कोई भी तेल या पेट्रोलियम उत्पाद है जो रूस में तैयार हुआ हो, या किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत द्वारा खरीदा गया हो और उसका स्रोत रूस हो. यह निर्णय तेल की परोक्ष खरीद को भी प्रतिबंधित करने की मंशा से लिया गया है. आदेश में यह भी जोड़ा गया है कि यदि इस आदेश का कोई भी हिस्सा कानूनी रूप से अमान्य घोषित किया जाता है, तो इसका बाकी हिस्सा प्रभावित नहीं होगा. यह आदेश किसी व्यक्ति को अमेरिका की अदालत में जाकर इसके क्रियान्वयन के लिए कोई विशेष अधिकार नहीं देता.

**31 अगस्त से चीन के दौरे पर.....**

हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत नए विचारों और प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि इस सहयोग का आधार आपसी सम्मान, संप्रभुता और सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब चीन के की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजना की वैश्विक आलोचना हो रही है, क्योंकि इस परियोजना को कई देशों की संप्रभुता की अनदेखी और पारदर्शिता की कमी के रूप में देखा जाता है। विदेश मंत्री ने एससीओ से अफगानिस्तान को विकास सहायता बढ़ाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था, अफगानिस्तान लंबे समय से एससीओ के एजेंडे में है। क्षेत्रीय स्थिरता की मजबूरी के साथ-साथ हमें अफगान लोगों के कल्याण की भी चिंता है। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर एससीओ सदस्य, को विकास सहायता बढ़ानी चाहिए। भारत इस दिशा में निश्चित रूप से कदम उठाएगा। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों के बीच परिवहन सुविधाओं और संपर्क को बेहतर बनाने की भी जरूरत पर जोर दिया था।

**उत्तरकाशी में जलप्रलय: मलबे के...**

मलबे और गंगोत्री हाईवे के जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रशासनिक अमला और अन्य राहत टीमें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई थीं। बुधवार को मौसम खुलने के बाद हेलिकॉप्टरों ने उड़ान भरी और बचाव दल मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन के अनुसार अभी भी मलबे में धराली के 8 स्थानीय युवक, 2 नेपाली मूल के व्यक्ति और सेना के 10 जवान लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान जारी है।

**प्रदेश में तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन**

माल जमादार, भृत्य जैसे पदों की नियुक्ति की जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा की बाध्यता से संबंधित तहसीलों को मुक्त किया जाए। सड़क दुर्घटनाओं में तत्काल आर्थिक सहायता के लिए तहसीलदारों को 25 हजार की राशि उपलब्ध कराने की स्पष्ट गाइडलानइ जारी करने की मांग।

**कर्तव्य भवन का उद्घाटन: पीएम मोदी....**

भवन आदि में चल रहे हैं। ये सभी भवन साल 1950 से 1970 के बीच में बनाए गए थे, जो कि अभी काफी पुराने हो गए हैं। इन पुराने भवनों के रखरखाव का खर्च भी काफी महंगा हो गया था। ऐसे में मंत्रालयों के लिए नए और मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

**मैं चुप नहीं बैठूंगी, बंगाली भाषा....**

सूची से नहीं छूटना चाहिए। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा वे मतदाता सूची नहीं, बल्कि भाजपा की सूची बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि क्या बीजेपी नेताओं को दूसरे की पहचान पर सवाल उठाने का क्या अधिकार है? बता दें कि सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व में 3 किलोमीटर तक विरोध रैली निकाली गई। इस रैली में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। विरोध रैल में लोग बांग्लार अप्पन सोज्यो होबे ना (बंगाल का अपमान बर्दाशत नहीं किया जाएगा) और बांग्ला अमर माँ (बंगाल, मेरी माँ) लिखी तख्तियां लिए हुए थे।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में....**

उपयोग कर सकेंगी। इसी प्रकार, एक स्टार्टअप जो सोलर चार्ज कंट्रोलर डिज़ाइन कर रहा है, वह बड़े पैमाने पर उत्पादन से पूर्व अपने डिज़ाइन को इस केंद्र की प्रोटोटाइपिंग सुविधा में परख सकेगा। एक इलेक्ट्रिक व्हीकल घटक निर्माता अपने उत्पादों की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक संगतता का परीक्षण कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी प्रणालियाँ सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं। साथ ही, 3D प्रिंटिंग सुविधा कंपनियों को विशेष जिग्स या कस्टम एन्क्लोज़र बनाने में सहायता करेगी, जबकि PCB प्रोटोटाइपिंग सेवा सर्किट बोर्डों के त्वरित विकास और परीक्षण में मदद करेगी, जिससे उत्पाद निर्माण की गति तेज होगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहले से ही कई आकर्षक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को राज्य की उद्योग नीति के तहत मिलने वाले प्रोत्साहनों से और भी बल मिलेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बाहरी और स्थानीय निवेश को गति मिलेगी। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित यह परियोजना राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण एवं निवेश को प्रोत्साहित करेगी। इसके माध्यम से राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना को टेक्नोलॉजी क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल राज्य को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि उद्योगों को विश्वस्तरीय परीक्षण और प्रोटोटाइपिंग सुविधाएं भी सुलभ होंगी, जिससे छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक पावरहाउस बनकर उभरेगा। आवास और पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर जैसी परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी। इससे स्थानीय स्टार्टअप्स, युवाओं और उद्यमियों को अत्याधुनिक संसाधन मिलेंगे, जो पहले बड़े शहरों तक ही सीमित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह पहल डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी बनाएगी।

**रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्या....**

धुनाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। सदर सर्किल अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। सिंह ने कहा, भीड़ में दो लोग माला लेकर पहुंचे थे और उन्होंने मौर्या के साथ दुर्व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। स्वामी प्रसाद मौर्या ने करणी सेना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, इस संगठन के गुंडे सत्ता पक्ष के संरक्षण में कानून-व्यवस्था को रौंद रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़ी जाति के होने के कारण इन माफियाओं पर सरकार चुप्पी साधे बैठी है। मौर्या ने करणी सेना को एक गुंडा संगठन बताते हुए कहा कि अगर पुलिस की मौजूदगी में ऐसा हमला हो सकता है, तो उनके न होने पर ये लोग क्या कर सकते हैं, इसकी कल्पना भी डरावनी है। स्वामी प्रसाद मौर्या ने यह भी ऐलान किया कि उनका संगठन लोक मोर्चा 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी हटाओ, यूपी बचाओ के नारे के साथ उतरने वाला है।

## सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके सरकार को दी बड़ी राहत, मद्रास हाईकोर्ट का आदेश पलटा



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु की डीएमके सरकार को बड़ी राहत देते हुए मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को पलट दिया। हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को दिए अपने आदेश में डीएमके सरकार को कल्याणकारी योजनाओं में वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल न करने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर अन्नाद्रमुक नेता सी वी षणमुगम पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि तमिलनाडु की कल्याणकारी योजनाओं में मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका अनुचित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि 11 अगस्त से किसी भी वरिष्ठ वकील को उनकी अदालत में तत्काल सुनवाई और सूचीबद्ध मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं होगी। सीजेआई ने जूनियर (कनिष्ठ) वकीलों को मौका देने के लिए ये नियम लागू किया है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने वकीलों द्वारा मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया था। इससे पहले पूर्व सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने इस प्रथा को बंद कर दिया था और वकीलों को ईमेल या लिखित पत्र भेजने के लिए कहा था। मुख्य न्यायाधीश गवई ने अदालत के कर्मचारियों से एक नोटिस जारी करने को कहा कि सोमवार से उनकी अदालत में किसी भी वरिष्ठ वकील यानी नामित वरिष्ठ वकील को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं होगी। कनिष्ठ वकीलों को ऐसा करने का अवसर दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपनी जेंडर सेंसिटाइजेशन और इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी का पुनर्गठन किया। यह 12 सदस्यीय समिति जस्टिस बी वी नागरत्ना की अध्यक्षता में कार्य करेगी।

# नर्सिंग कॉलेज मना रहा विश्व स्तनपान सप्ताह



## स्तनपान की प्राथमिकता और फायदे गिनाए

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 01 से 7 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जा रहा। एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मनमोहक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर स्तनपान से संबंधित विविध पहलुओं पर जानकारी दी। स्तनपान सप्ताह के मौके पर विद्यार्थियों ने प्रसव के बाद स्तनपान करने वाले माताओं को आवश्यक जानकारी भी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन हर साल एक विशिष्ट विषय (थीम) पर कार्य करता है। इस साल का थीम है स्तनपान को प्राथमिकता दे, स्थाई सहायता प्रणाली बनाए, विषय वस्तु पर आधारित है। प्रसव के तुरंत बाद मां बच्चे को स्तनपान कराए एवं मां का पहला गाढ़ा दूध बच्चे को पिलाना अनिवार्य समझे। इस संबंध में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव के बाल चिकित्सा नर्सिंग विभाग द्वारा 5 अगस्त को जिला अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव के पीएनसी वार्ड के प्रांगण में जनसाधारण के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम स्तनपान विषय पर आयोजित किया गया। एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मनमोहक नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें स्तनपान संबंधित विविध पहलुओं पर जानकारी दी एवं प्रसव के बाद स्तनपान करने वाले माताओं को कैसा भोजन देना चाहिए एवं नवजात शिशु की देखभाल कैसे करनी चाहिए, इस विषय पर एमएससी नर्सिंग के छात्राओं ने विशेष स्टॉल भी लगाया था। जिसमें बहुत से माताएं और उनके घर वालों ने आकर जानकारी ली। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य ममता नायक ने अतिथियों का स्वागत किया एवं स्तनपान के प्रयोजन से संबंधित संबोधन दिया। बाल चिकित्सा नर्सिंग विभाग की प्राध्यापक डॉ. उमा शिंडे ने विश्व स्तनपान सप्ताह के थीम पर प्रकाश डालते कहा कि स्तनपान मां की ममता का प्रतीक स्वरूप है। इसे अनिवार्य रूप से हर मां को करना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी खूंटे ने लोगों को स्तनपान के फायदे, प्रसव के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याएं, परिवार के अन्य सदस्य किस तरह से स्तनपान करने वाली माता की सहायता करें, माता को कैसा पोषण तत्वों से भरा भोजन दें, बच्चों का छट्ठी, बच्चे के पैदा होने के 6 सप्ताह के बाद मनाने एवं छोटे बच्चों का मुंडन 1 साल पश्चात करने को कहा एवं बोतल से नवजात शिशु को दूध पिलाने के विषय में भी क्या-क्या नुकसान हो सकता है, उसके विषय में शिक्षा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. विक्रम बैद ने कहा कि नवजात शिशु की कैसे देखभाल करें, सिर्फ पहले 6 महीने मां अपना दूध पिलाने एवं पूरे अस्पताल में डिब्बा बंद दूध को बिल्कुल ही बंद करने के विषय में बात की। स्तनपान कराने के लिए हर मां पहले से सहमत हो एवं सेल्फ कान्फिडेंट बनने के विषय में कहा एवं प्रसव के बाद अगर मां को किसी भी प्रकार से स्तनपान संबंधित समस्या होने पर डॉक्टर या सिस्टर की सलाह ले एवं मदद जरूर ले और इसे ही प्राथमिकता दे, इस पर जोर दिया। कार्यक्रम में अस्पताल की मेट्रन एवं अन्य वार्डों के नर्सिंग ऑफिसर एवं इंचार्ज एवं शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के बाल चिकित्सा नर्सिंग विभाग के शिक्षिका शैनी साजू, नीलम चतुर्वेदानी, रागिनी जेमा एवं राखी सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिया एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी नर्सिंग के जूबी मैथ्यू व बेबी शिल्पी द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# संतोष देवांगन बने रेंगाकठेरा मंडल कांग्रेस अध्यक्ष



ठेलकाडीह (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और ब्लॉक प्रभारी शाहिद भाई तथा विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की मौजूदगी में हाल ही में बखत रेंगाकठेरा के लोधी भवन में मंडल अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्षों का चुनाव हुआ। प्रभारी शाहिद खान ने कार्यकर्ताओं से सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनने की अपील की। जिसके बाद सभी ने संतोष कुमार देवांगन के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया। इस तरह संतोष देवांगन को सर्वसम्मति से रेंगाकठेरा मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा प्रमोद वर्मा और गंभीर साहू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। अजय वर्मा (डुमरडीह), देवशरण वर्मा (बरबसपुर) और पोषण वर्मा (रेंगाकठेरा) को सेक्टर प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, भागवत वर्मा, जोगी वर्मा, दीनदयाल मारकंडे, धनीराम वर्मा, महेंद्र सिंह सिन्हा, कुलेश्वर साहू सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'बैगलेस डे' बंद करने के आदेश का विधायक प्रतिनिधि ने किया विरोध



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में शनिवार बैगलेस डे को समाप्त करने के सरकार के फैसले पर खैरागढ़ के विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इस आदेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ बताया और इसे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करार दिया है।

## रचनात्मक गतिविधियों के लिए था 'बैगलेस डे'

मनराखन देवांगन ने कहा कि 'बैगलेस डे' के तहत स्कूलों में बच्चों के लिए योग, खेल, संगीत और चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाती थी। इन गतिविधियों से बच्चों का तनाव कम होता था और उनकी रचनात्मकता तथा आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी बच्चों के समग्र विकास पर जोर देती है। जिसमें कला, संगीत और शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य हिस्सा माना गया है। ऐसे में 'बैगलेस डे' को बंद करना बच्चों के मानसिक विकास के साथ अन्याय है।

## मुख्यमंत्री से की आदेश वापस लेने की मांग

मनराखन देवांगन ने मुख्यमंत्री से इस 'असंवेदनशील' निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बल्कि बच्चों को जीवन कौशल सिखाने के लिए कला, संगीत और खेल भी जरूरी हैं। देवांगन के अनुसार 'बैगलेस डे' इसी सोच का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इस फैसले से शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों में भी नाराजगी है। यह पहल बच्चों के बेहतर शिक्षा के अधिकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

महासमुंद। जिले में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला है. खेत में काम कर रहे पति-पत्नी पर बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं इस हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई. पूरा मामला पिथोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुडीपार का है. जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में खेती का सीजन जारी है. मुड़पार गांव में तीन लोग खेत में काम कर रहे थे.

# हाफ बिजली बिल योजना में कटौती आम जनता के साथ विश्वासघात है - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को दी जा रही हाफ बिजली बिल योजना के लाभ को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट तक सीमित कर देना सीधे तौर पर आम जनता, किसानों, मजदूरों और निम्न मध्यम वर्ग के साथ अन्याय है। यह निर्णय जनविरोधी है और इससे लाखों परिवारों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है।

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है। जो योजना कांग्रेस सरकार ने 2019 में शुरू की थी। जिससे 45 लाख से अधिक घरों को बिजली बिल में राहत मिलती थी। उसे अब भाजपा सरकार ने जानबूझकर सीमित कर दिया है। ये गरीब विरोधी निर्णय है और जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से लगभग 31 लाख परिवारों को ही अब लाभ मिलेगा। जबकि 14 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अब डबल या ज्यादा बिल भरना पड़ेगा। भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के इस दौर में आमजन की कमर तोड़ने का काम किया है। विष्णु लोधी ने मांग की कि राज्य सरकार तत्काल इस जनविरोधी आदेश को वापस ले और पूर्व की तरह 400 यूनिट तक के उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत बिजली बिल छूट योजना का लाभ दे।

# ग्राम मनकी में 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत हरियाली की नई बहार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के नजदीक जी.ई. रोड पर स्थित गाँव मनकी में जय चंडी दुर्गा उत्सव समिति ने 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत एक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल से गाँव में चारों ओर हरियाली का नजारा देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र कुमार बैद, गांव की सरपंच अनामिका यादव, स्कूल ग्राउंड और सोसायटी समिति के सदस्यों ने मिलकर ग्राम पंचायत की भूमि पर पौधे लगाए और हरियाली का संदेश दिया।

# प्रतिरोध के मौलिक स्वर: उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जनजातियों का योगदान पर हुआ सार्थक विमर्श




खैरागढ़ (दावा)। 'स्वदेशी प्रतिरोध की आवाज़ें-स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की जनजातियों का योगदान' विषय पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह शनिवार 2 अगस्त को दरबार हॉल में आयोजित हुआ। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा किया गया था। समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने की, जबकि प्रो. डॉ. मनीष श्रीवास्तव (गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सत्य प्रकाश प्रसाद (जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली) और विशेष अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. सी. आर. कर (रायपुर) एवं प्रो. मृदुला शुक्ला उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी सुश्री सुष्मिता चौधरी ने किया, सभी अतिथियों का स्वागत पौधे, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और धन के बैज के साथ किया गया। इस अवसर पर अमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिभागी रोहित यादव ने संगोष्ठी के अनुभव साझा करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीकी सत्र ज्ञानवर्धक रहे और विद्वानों के विचारों से बहुत कुछ सीखने को मिला। संयोजक डॉ. कौस्तुभ रंजन ने संगोष्ठी की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा, कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विमर्श नहीं, बल्कि जनजातीय समुदायों की ऐतिहासिक भूमिका को उजागर साहित्य के साथ उनका समन्वय स्थापित कर उन्हें सम्मान देना भी था। यह संगोष्ठी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष पर उनके सम्मान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

कुलपति प्रो.(डॉ.)लवली शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन पर प्रकाश डाला और एक कलाकार के रूप में 'ठुमरी' के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। उन्होंने आयोजन समिति के परिश्रम की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया।

प्रो. मृदुला शुक्ला ने आयोजन टीम की रचनात्मकता और विषय चयन की प्रशंसा करते हुए खैरागढ़ की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। प्रो. कर ने जनजातीय संस्कृति की सांस्कृतिक परंपराओं को साहित्यिक दृष्टि से प्रस्तुत किया और स्वदेशी आवाज़ों को मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. प्रसाद ने संगोष्ठी की गंभीरता और विषय की समसामयिकता को रेखांकित किया। प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में बिरसा मुंडा, टंट्या भील और रानी दुर्गावती जैसे नायकों के योगदान का स्मरण किया और जनजातीय चेतना की मानवीयता पर बात की। विषय को संपूर्ण भारत के परिप्रेक्ष्य में देखने का बात कही।

समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कौस्तुभ रंजन ने किया। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और सभी सत्रों ने अपने उद्देश्यों को पूर्ण किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और चाय पर चर्चा के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री अयोध्या राम लला दर्शन योजनांतर्गत राम भक्त रवाना



भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। आज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विकासखंड अंबागढ़ चौकी के गणमान्य नागरिकों को मुख्यमंत्री अयोध्या रामलला दर्शन यात्रा योजना अन्तर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी से भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर अयोध्या धाम के लिए विदा किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूनऊराम, जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू गुजराती, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, भाजपा मंडल महामंत्री विमल यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला प्रभारी सैयद अजहरुद्दीन, मोहन जैन, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष देवनारायण कुंभकार, पार्षद दिलीप कुंभकार, अंबर जोशी, भीषम साहू एवं भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागणों ने श्रद्धालुओं की सफल मंगलमय यात्रा की मंगलकामना की।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बावजूद राहुल गांधी के व्यवहार में सुधार नहीं : अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर राहुल गांधी को फटकार लगाई है और इस बार सीधे पूछा है कि उन्हें कैसे पता चला कि चीन ने भारत की जमीन हड़प ली है। चौधरी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था। श्री चौधरी ने राहुल गांधी के पुराने मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पहले भी कई बार फटकारा है। उन्होंने वीर सावरकर के अपमान के मामले का हवाला दिया। जिसमें कोर्ट ने राहुल गांधी से कहा था कि जिस तरह से वह सावरकर पर आरोप लगा रहे हैं। उस हिसाब से तो महात्मा गांधी को भी अंग्रेजों का नौकर कहा जा सकता है। इसके अलावा, राफेल खरीदी में कमीशन के मामले को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाई थी।

अशोक चौधरी ने कहा कि इन सभी घटनाओं को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट से सर्वाधिक बार फटकार सुनने वाले नेता हैं। इसके बावजूद उनके आचरण में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। चौधरी ने यह भी दावा किया कि अब राहुल गांधी और उनके समर्थक सुप्रीम कोर्ट को ही निशाना बना रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बिहार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग को बार-बार निशाना बनाए जाने पर उन्हें चौथी बार फटकार लगाई जा सकती है। चौधरी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए अपने व्यवहार में सुधार लाने की सलाह दी। अन्यथा जनता उन्हें सुधार देगी।

# नवाचार से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर, शिक्षक ने बनाई मिनी साइंस लैब, बच्चों में जागी विज्ञान के प्रति रुचि




मोहला (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माडिंग पिडिंग धेनु के समर्पित शिक्षक नरेंद्र कुमार देवांगन ने अपने प्रयासों से स्कूल में 'मिनी साइंस लैब' का निर्माण किया है। यह प्रयोगशाला न केवल बच्चों को विज्ञान के सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से समझाने में सहायक है, बल्कि उनकी प्रायोगिक दक्षता और जिज्ञासा को भी बढ़ा रही है।

यह मिनी साइंस लैब विज्ञान विषय को केवल पढ़ाने का माध्यम नहीं बल्कि सीखने का अनुभव बन गई है। यहां बच्चे स्वयं प्रयोग कर सीखते हैं, जिससे उनकी समझ गहरी होती है और विषय में रुचि भी बढ़ती है। भौतिकी, रसायन और सामान्य विज्ञान के कई छोटे-छोटे प्रयोग इस लैब में कराए जाते हैं, जो बच्चों को विज्ञान से जोड़ते हैं।

इस प्रयोगशाला के निर्माण में देवांगन ने निजी प्रयासों और आंशिक रूप से शाला मद से संसाधन जुटाए हैं। शाला के प्रधान पाठक प्रमेंन कुमार देशलहरे ने भी इस पहल में सक्रिय योगदान दिया। दोनों शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों से यह लैब आज ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए विज्ञान की दुनियां के द्वार खोल रही है। मिनी साइंस लैब के चलते अब बच्चों की स्कूल में उपस्थिति भी नियमित हो गई है। बच्चों में प्रयोग करने की ललक, वैज्ञानिक सोच और कौशल विकास जैसे गुण विकसित हो रहे हैं।

यह प्रयास यह सिद्ध करता है कि सीमित संसाधनों में भी यदि संकल्प और नवाचार की भावना हो, तो शिक्षा को न केवल रोचक बनाया जा सकता है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को भी नई दिशा दी जा सकती है। शिक्षक नरेंद्र कुमार देवांगन का यह प्रयास पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा है।

# हिन्दी विभाग में मनाई गई तुलसीदास की जयंती




संगीत विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष मनाई जाती है तुलसी जयंती

खैरागढ़ (दावा)। हिंदी विभाग में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तुलसीदास जयंती मनाई गई । इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा मंगलवार 5 अगस्त को संकाय स्तर पर तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी विभाग द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिससे विद्यार्थीगण गोस्वामी तुलसीदास तथा उनकी रचनाओं के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.(डॉ.) मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता कला संकाय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. काशीनाथ तिवारी व हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिये आयोजित है, ताकि विद्यार्थीगण तुलसीदास को जान सके, समझ सके। तुलसीदास की रचनाओं का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है, ऐसे महान रचनाकार को जानना विद्यार्थियों के लिये आवश्यक है।

प्रो.(डॉ)मृदुला शुक्ल ने महाकवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के अखंड रामायण पाठ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी यह रचना सबसे अधिक लोकप्रिय है। रामचरितमानस में धार्मिक दृष्टि के अलावा सामाजिक एवं व्यवहार के पाठ भी हैं, जिसे विद्यार्थियों को जानना आवश्यक है। डॉ. सौमित्र तिवारी ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पूरे विश्व में इनकी रचनाओं का पाठ होता है। रामचरितमानस को पढ़ने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, विद्यार्थियों को इसका लाभ लेना चाहिये। प्रो.राजन यादव ने कविता पाठ के माध्यम से तुलसीदास का बखान किया। उन्होंने प्रति वर्ष होने वाले इस आयोजन की जानकारी प्रदान की साथ ही विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की।

## विनय पत्रिका एवं गीतावली पर आधारित पद गायन प्रतियोगिता संपन्न

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में तुलसीदास रचित विनय पत्रिका एवं गीतावली पर आधारित पद गायन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसके निर्णायक मण्डल के लिए डॉ. साधना अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य एवं साहित्यकार, डॉ. पूर्णिमा केलकर सहायक प्राध्यापक संस्कृत विभाग एवं जगदेव नेताम सहायक प्राध्यापक गायन विभाग आमंत्रित थे।

प्रतियोगिता में आर्य सिद्धांत प्रथम, आर्य सिद्धार्थ द्वितीय एवं समृद्धि तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह श्रुति कौशिक, चांदनी मानिकपुरी एवं आन्या गुप्ता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किये। अन्य प्रतिभागी किशन साहू, निधि चन्द्रा, समिता मंडावी, यशु तनवरे, दिव्यानी पाण्डेय, कुशाल सेन, तेजेश्वरी जंघेल एवं तेजलाल ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। डॉ. साधना अग्रवाल ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की और कहा कि तुलसीदास का लक्ष्य था, श्रीराम के चरणों में स्थान प्राप्त करना। अतः हमारा भी लक्ष्य आत्मोन्नति होने चाहिये। डॉ. पूर्णिमा केलकर ने तुलसी की कवित्त शक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवमाईत मिंज एवं गीतेश्वरी साहू ने किया। कार्यक्रम में चांद शेख, रामेश्वरी, लोभान वर्मा, वर्षा देवांगन, समीरचंद साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. मंगलानंद झा, डॉ. कौस्तुभ रंजन, डॉ. लक्ष्मी श्रीवास्तव के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वन अधिकारियों का स्थानांतरण, कार्य मुक्त करने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा जिला पंचायत सदस्य ने



डोंगरगढ़(दावा)। **छ.ग. शासन वन एवं जल वायु परिवर्तन द्वारा स्थानांतरित किए गए उप वन मंडल डोंगरगढ़ के अधिकारी कर्मचारीयों को कार्य भार मुक्त करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य व सभापति अनीता मंडावी ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है।**

पत्र में कहा गया है कि, छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा उप वन मंडल डोंगरगढ के अनेक अधिकारी व कर्मचारीयों का स्थानांतरण छ.ग. शासन द्वारा किया जा चुका है। किंतु समय अवधि बीत जाने के पश्चात भी वन मंडल अधिकारी राजनांदगांव द्वारा कार्यभार मुक्त नही किया गया।

जबकि शासन के आदेश अनुसार द्वारा 10 दिन के अन्दर कार्य भार मुक्त करना था। स्थानांतरित किए गए वन अधिकारी व कर्मचारियों में पुस्पेन्द्र गोस्वामी वन क्षेत्रपाल (वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव) से गरियाबंद, शैलेश उजवने उपवन क्षेत्रपाल (चौथना डिपो) से कवर्धा, घनश्याम सिंह ठाकुर वन रक्षक उत्तर बोरतलाव से कवर्धा, राजेन्द्र राजपुत उप वन क्षेत्रपाल उत्तर बोरतलाव से खैरागढ़ का नाम शामिल है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 765 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन से किया रवाना

### जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए किया गया विदा

### पहली बार राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थ यात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या किया गया रवाना





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज रेलवे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 765 तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन से रवाना किया। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए अभूतपूर्व खुशी एवं आल्हाद का क्षण रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ विशेषकर राजनांदगांव से तथा दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 765 तीर्थयात्री श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत श्री रामलला दर्शन के लिए आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम) के संपूर्ण सुविधायुक्त ट्रेन के माध्यम से अयोध्या जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकांशतः अपने परिवार एवं मित्रों को विदा करने रेलवे स्टेशन आते है, लेकिन आज पहली बार बुजुर्गों को विदा करने के लिए सामूहिक रूप से यहां आए हैं। जिसका हम सभी को पुण्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा होती है कि वे धार्मिक स्थलों में जाकर ईश्वर के दर्शन कर सकें। आज सभी के चेहरों पर प्रसन्नता एवं खुशी है। उन्होंने कहा कि आज इस अभूतपूर्व क्षण में सभी दर्शनार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं खुशी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के रेलवे स्टेशन का 6 करोड़ रूपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिससे यह रेलवे स्टेशन एक नया स्वरूप लेगा। उन्होंने तीर्थयात्रियों से बातचीत की तथा उन्हें यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने कहा कि आज का दिन सौभाग्य का दिन है। जहां हम राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से श्री रामलला के दर्शन हेतु श्रद्धालुगणों को रवाना कर रहे है। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बन कर यहां के श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन करने अयोध्या धाम भेज रहे है। पहले रायपुर एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होती थी, लेकिन आज पहली बार राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थ यात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। ऐसा संयोग है कि माता कौशल्या की भूमि तथा भांचा श्रीराम की भूमि अद्भुत है। छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम भेजने की शुरूआत की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया तथा मनोबल बढ़ाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन से 765 यात्री अयोध्या धाम जा रहे हैं। आईआरसीटीसी के माध्यम से व्यवस्था की गई है और उनके चेहरों पर आज खुशी है। इस अवसर पर विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव, महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, आलोक बिंदल, कृष्णा तिवारी, सुरेश एच. लाल, अशोक शर्मा, लीलाधर साहू, राजू डागा, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बनकर श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन करने अयोध्या धाम भेज रहे- नीलू शर्मा**

# होटल रैलिज में जन्मदिन की पार्टी में पुराने लेन-देन को लेकर मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

### बंधक बनाने व फिरौती मांगने की बात सही नहीं- टीआई रामेंद्र सिंह

राजनांदगांव (दावा)। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल रैलिज में जन्मदिन की पार्टी में मारपीट होने कुछ खबर ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। बताया तो यहां तक जाता है कि युवक को धोखे से बुलाकर मोटी रकम की मांग की गई। हालांकि इस बात को कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने सिरे से नकार दिया है उन्होंने बताया कि उक्त होटल के जन्मदिन की पार्टी में किसी पुराने लेन-देन को लेकर कहासुनी व मारपीट हुई है।

इस घटना के संबंध में घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम गिधवा निवासी हूपेश कुमार पिता रामाधार साहू उम्र 25 वर्ष ने उनके साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कोतवाली थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ़ धारा 296, 115 (2) 351 (2),191 (2) व 127 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया है।




### ट्रेवल एजेंसी चलाने वाले के साथ मारपीट

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के निवासी 19 वर्षीय नमन सोनी ने 5 अगस्त को होटल रैलिज में दोपहर के समय अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी का आयोजन किया था। उस पार्टी में विशेष तौर पर ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले गिधवा निवासी हूपेश कुमार को बुलाया गया था।

उक्त पार्टी में नमन सोनी के साथ, सोयम भाड़ेकर, देव ठाकुर व भविष्य नामक युवक के अलावा एक चश्मा वाला लड़का सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस पार्टी के संबंध में नमन सोनी द्वारा कहा गया कि उनके जन्मदिन के लिए होटल रैलिज को हूपेंद्र ने बुक किया था जबकि हुपेंद्र इस बात को सिरे से नकार रहा है और कह रहा है कि उन्होंने उक्त होटल बुक नहीं की है।

मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाने के शंभूनाथ द्विवेदी ने बताया कि वास्तव में होटल नमन सोनी के नाम पर बुक है। नमन सोनी की जन्म दिन पार्टी मना रहे लोगों में ज्यादातर 17-18 वर्ष के युवक थे।

उक्त पार्टी में उपस्थित ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले हूपेद्र के पास से नमन द्वारा कभी किराए की गाड़ी का उपयोग किया गया रहा होगा। जिसका बिल बांकी है। उसी पुराने लेन-देन को लेकर उन दोनों के बीच कहासुनी हुई जो मारपीट में तब्दील हो गई। उक्त घटना से पीड़ित हूपेश ने उपरोक्त जनों के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेचक श्री द्विवेदी ने बताया कि उक्त घटना के आरोपियों में से 3 नाबालिग है जिसमें केवल नमन सोनी ही बालिग है। उन सब के खिलाफ उपरोक्त धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।

## कई वर्षों बाद खुले मोहारा एनीकट के सभी 35 गेट



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार इस वर्ष मोहारा एनीकट के सभी 35 गेट खोले गए। जिससे आंशिक रूप से नदी में जमे गाद (सिल्ट) निकलना एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से राहत मिलेगी। जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता श्री नीलेश रामटेके ने बताया कि राजनांदगांव शहर के पेयजल की समस्या को देखते हुए गेट बंद किया गया था। पेयजल की समस्या को देखते हुए वर्षा ऋतु में भी कुछ गेटों को बंद रखना आवश्यक है, जिससे राजनांदगांव शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। आवश्यकतानुसार नगरीय क्षेत्र के लिए मोहारा एनीकट के गेट खोले एवं बंद किए जाएंगे।

# बांधाबाजार में मासूम जानवी की तालाब में डूबने से मौत, क्षेत्र में पसरा मातम

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से हो रही मौते थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को बाँधाबाजार से एक और दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ तीन वर्षीय मासूम जानवी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मासूम की अकाल मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



**तीन दिनों में तालाब में डूबने की दूसरी दर्दनाक घटना**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाँधाबाजार निवासी पवन गाड़ा अपनी पत्नी के साथ घर में मौजूद थे और घरेलू कार्यों में व्यस्त थे। इस दौरान उनकी पुत्री जानवी घर के आँगन में पालतू कुत्ते के साथ खेल रही थी। बताया गया कि जानवी की माँ कुछ ही पल के लिए घर के भीतर कंघी लेने गई, तभी यह हृदयविदारक घटना घटित हो गई। घर के ठीक सामने स्थित तालाब के पास खेलते-खेलते जानवी कब पचरी तक पहुंच गई, इसका अंदाजा किसी को नहीं हुआ। पचरी से फिसलकर वह सीधे तालाब में गिर पड़ी। पास में मौजूद पालतू कुत्ते ने भौंककर परिजनों को सतर्क किया, जिसके बाद जानवी को तुरंत तालाब से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जानवी को मृत घोषित कर दिया। तीन साल की नन्हीं जान की मौत से माता-पिता बेसुध हैं, वहीं पूरे परिवार और गाँव में शोक का माहौल है। गौरतलब है कि इससे पहले मात्र दो दिन पूर्व ग्राम छछानपहरी में तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हुई थी।

# विधानसभा अध्यक्ष को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाकर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा प्रदान किया गया

### आयुष्मान वय वंदना एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला अव्वल



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाकर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से किसी भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन दीदीयों से संपर्क कर अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराने की अपील की। उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनने पर विधानसभा अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त एपीएल एवं बीपीएल हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदाय किया जाता है। जिले में में 25088 एपीएल एवं बीपीएल परिवारों से कुल 23775 पात्र वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु पंजीयन कर लिया गया है। राजनांदगांव जिला आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन में 94.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर हैं। इसी प्रकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 952546 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाना हैं, जिसमें से 923709 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कर लिया गया है और राजनांदगांव जिला आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी 97.12 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड की लिए 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त एपीएल एवं बीपीएल हितग्राही है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज केवल आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाईल नम्बर की आवश्यक होती है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त एपीएल एवं बीपीएल परिवार के वरिष्ठ नागरिकों को समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रति वर्ष प्रदाय करने का प्रावधान है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड अनिवार्य नहीं हैं। समस्त पात्र वरिष्ठ नागरिकों का अलग-अलग आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। परिवार के समस्त पात्र हितग्राही अपने क्षेत्र के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, आधार सेवा केन्द्रों व च्वॉइस सेंटरों में जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवा सकते है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौंक में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बना सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।

## रेल्वे सलाहकार समिति का हुआ गठन

### सलाहकार समिति में 7 सदस्य किए गए शामिल




राजनांदगांव। स्थानीय रेल्वे स्टेशन में सलाहकार समिति का गठन किया गया जिसमें शहर के 7 लोगों को शामिल किया गया है। रेलवे सलाहकार समिति में शहर के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मिथलेश शर्मा (भरकापारा) पूर्व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किसुन यदू, अतुल रायजादा, नरेश बैद, कमलेश सूर्यवंशी, गुरमीत सिंह भाटिया व प्रशांत गुप्ता शामिल हैं।

वही उच्च शिक्षित प्रशांत गुप्ता (राजे) जिला संयोजक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' को राजनांदगांव रेलवे सलाहकार समिति को सदस्य बनाया गया। विदित है कि प्रशांत गुप्ता ने अभी तक लगभग 500-600 बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण अपने वहन पर दिया है।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

# जूडो केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मरक्षा का एक सशक्त माध्यम है - एसपी मोहित गर्ग

## सीबीएसई फार ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप 2025-26 संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ भव्य उद्घाटन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव में सी.बी.एस.ई. फार ईस्ट जोन जूड़ो चौंपियनशिप 2025-26 के द्वितीय दिवस का शुभारंभ चैंपियनशिप के औपचारिक उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मोहित गर्ग (पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव) द्वारा माँ सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया गया।

0 इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथियों शंभूराम सोनी सचिव, छत्तीसगढ़ जूडो संघ, डी. कोंडय्या - महासचिव, छत्तीसगढ़ वुशू एसोसिएशन, सूबेदार जसवंत सिंह प्रभारी, 38 एनसीसी बटालियन, राजनांदगांव, देवेंद्र ठाकुर जिला क्रीड़ा अधिकारी, संजय सिंह श्रम अधिकारी, श्रम विभाग, करण कुमार मेहता सीबीएसई पर्यवेक्षक, शाला के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, प्राचार्या डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, डॉ. टी. कुमार प्राचार्य, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और जूडो जैसे खेलों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। 5 अगस्त को खिलाड़ियों का पंजीयन सम्पन्न हुआ था। 6 अगस्त को अंडर-11 आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियों के बीच जूडो मुकाबले प्रारंभ हुए, जिनका संचालन छत्तीसगढ़ जूडो संघ के कुशल अधिकारियों द्वारा किया गया। दिनभर चले मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों का समर्थन किया। मुख्य अतिथि मोहित गर्ग ने कहा, 'जूडो केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मरक्षा का एक सशक्त माध्यम भी है। हमें खेल को अनुशासन, आत्मविश्वास और सतर्कता का जरिया बनाना चाहिए।'



**अंडर-11 के रोमांचक मुकाबलों ने बटोरी तालियाँ**

अंडर-11 वर्ग के मुकाबलों में लड़के स्वर्ण पदक 25 किग्रा तक चिस्ट्री मंडावी, विद्या ज्योति स्कूल, जगदलपुर, 30 किग्रा तक मानित अग्रवाल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, 35 किग्रा तक अराध्य सिरमौर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर (छ.ग.)। 40 किग्रा तक - सक्षम साहू, आधारशिला स्कूल, बिजाभाट, भाटापारा, 40 किग्रा से अधिक- कुलदिप सिंह, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर ने प्राप्त किया।

लड़कियों में स्वर्ण पदक 25 किग्रा तक चित्रांक्षी साहू, आधारशिला स्कूल, बिजाभाट भाटापारा। 30 किग्रा तक वेदिका सैनी, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल 35 किग्रा तक। सृष्टि निर्मल, लोयला स्कूल, बिलासपुर। 40 किग्रा तक भावना नेताम, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगाँव ने प्राप्त किया।

अंडर-14 वर्ग के मुकाबलों के परिणाम में लड़कियाँ स्वर्ण पदक 44 किग्रा तक भूमिष्ठा दास, अवर ए.बी.सी. अकैडमी, असम, अंडर-17 वर्ग के मुकाबलों के परिणामः लड़के स्वर्ण पदक 50 किग्रा तक गगन कौशिक, मार बेसिलियोस विद्या भवन, भिलाई, अंडर-19 वर्ग के मुकाबलों के परिणाम - लड़के स्वर्ण पदक 50 किग्रा तक दानशी पंगटोक, अवर ए.बी.सी. अकैडमी, असम ने प्राप्त किया।

संस्था के अध्यक्ष ललित अग्रवाल एवं सचिव अतुल देशलहरा ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए विजेताओं को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की चौंपियनशिप न केवल विद्यार्थियों को मंच प्रदान करती है, बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास भी करती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com